दैनिक
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर
# बढ़ता राजस्थान
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 16 | अंक : 76 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर | शनिवार, 17 जनवरी 2026 | माघ माह, कृष्ण पक्ष चतुर्दशी, संवत्-2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# बीजेपी को 20 जनवरी को नया अध्यक्ष मिलेगा

## चुनाव नोटिफिकेशन जारी; कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन का चुना जाना लगभग तय

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** भाजपा को 20 जनवरी को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल जाएगा। पार्टी ने इसके लिए शुक्रवार को नोटिफिकेशन जारी किया। इसके मुताबिक 19 जनवरी को नामांकन भरा जाएगा। 20 जनवरी को नए पार्टी अध्यक्ष का ऐलान होगा। अभी नितिन नबीन पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हैं। पार्टी उन्हें ही निर्विरोध अध्यक्ष चुन सकती है। न्यूज एजेंसी ने 13 जनवरी को सूत्रों के हवाले से खबर दी थी कि नितिन नबीन 19 जनवरी को नामांकन भरेंगे। नितिन नबीन को 14 दिसंबर 2025 को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष घोषित किया गया था। भाजपा ने साल 2020 में जेपी नड्डा को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया था।

### नितिन ही राष्ट्रीय अध्यक्ष बने, तो सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष होंगे

फिलहान नितिन नबीन को पार्टी ने राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है। उनकी उम्र 45 साल है। भविष्य में नितिन को ही राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जाता है तो वे राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने वाले सबसे युवा नेता होंगे। नितिन के कार्यकारी अध्यक्ष बनने के साथ ही भाजपा में 80त्न युवाओं को आगे लाने का रास्ता साफ हो गया है। हालांकि नई टीम बनने में लगभग 6 महीने लगेंगे, लेकिन इतना साफ है कि टीम में महामंत्री और मंत्री जैसे प्रमुख पदों पर ज्यादातर 50 से कम उम्र के लोग होंगे। अगले साल 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव हैं। नितिन टीम इसी के अनुरूप बनाएंगे। एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि अमूमन राष्ट्रीय अध्यक्ष जूनियर या समकक्षों को ही महासचिव, सचिव जैसे पदों पर रखते हैं।

### बीजेपी के राष्ट्रीय रिटर्निंग ऑफिसर ने शेड्यूल जारी किया

बीजेपी के राष्ट्रीय रिटर्निंग ऑफिसर के लक्ष्मण ने चुनाव का शेड्यूल जारी किया। इसके मुताबिक, पार्टी प्रमुख के चुनाव के लिए नॉमिनेशन 19 जनवरी को दोपहर 2 बजे से 4 बजे के बीच भरे जाएंगे और उम्मीदवार उसी दिन शाम 5 बजे से 6 बजे के बीच अपना नॉमिनेशन वापस ले सकते हैं। लक्ष्मण ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो 20 जनवरी को वोटिंग होगी और उसी दिन नए चुने गए राष्ट्रीय अध्यक्ष की आधिकारिक घोषणा की जाएगी।



सरकार का बड़ा एक्शन

## सट्टा-जुआ से जुड़ी 242 अवैध वेबसाइट्स पर बैन

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सरकार ने शुक्रवार को सट्टेबाजी और जुआ खेलने से संबंधित 242 अवैध वेबसाइट के लिंक को प्रतिबंधित कर दिया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह आदेश पिछले साल अगस्त में पैसे के इस्तेमाल वाले गेमिंग ऐप पर लगाए गए सरकारी प्रतिबंध के बाद आया है। सूत्रों ने कहा कि भारत सरकार ने शुक्रवार को अवैध सट्टेबाजी और जुआ से जुड़े 242 अवैध वेबसाइट लिंक को प्रतिबंधित कर दिया। ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम पारित होने के बाद से अब तक 7,800 से अधिक अवैध सट्टेबाजी और जुआ संबंधी वेबसाइट को बंद किया जा चुका है। प्रवर्तन कार्रवाइयों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। सूत्रों ने कहा कि यह कार्रवाई उपयोगकर्ताओं, खासकर युवाओं की सुरक्षा और अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी एवं जुआ खेलने वाले मंचों से होने वाले वित्तीय व सामाजिक नुकसान को रोकने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को बताती है।

## सुप्रीम कोर्ट ने आरपीएससी के पक्ष को सही माना

### कहा-वेटिंग लिस्ट के आधार पर नियुक्ति का अधिकार नहीं; हाईकोर्ट के आदेश को रद्द किया

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर।** सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान पब्लिक सर्विस कमीशन (आरपीएससी) की अपीलों पर फैसला सुनाते हुए कहा कि केवल रिजर्व या वेटिंग लिस्ट में नाम होने मात्र से किसी उम्मीदवार को नियुक्ति का अधिकार नहीं मिल जाता है। जज दीपांकर दत्ता और जज ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने राजस्थान हाईकोर्ट की एकलपीठ एवं खंडपीठ के उन आदेशों को रद्द कर दिया है, जिसमें आयोग को नियमों में समय सीमा निकल जाने के बाद भी रिजर्व लिस्ट से उम्मीदवारों को नियुक्त करने के निर्देश दिए गए थे।

### अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट में लगाई थी याचिका

आयोग के संयुक्त विधि परामर्शी राकेश ओझा ने बताया कि यह मामला कनिष्ठ विधि अधिकारी भर्ती-2013 और 2019 और सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती-2020 से जुड़ा है। मुख्य सूची के कुछ अभ्यर्थियों ने कार्यभार ग्रहण न करने के कारण रिक्त रहे पदों पर आरक्षित सूची के अभ्यर्थियों ने नियुक्ति की मांग करते हुए राजस्थान हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी।

## 'ठाकरे ब्रांड' का आखिरी किला भी ढहा

# मुंबई महानगरपालिका में बनेगा भाजपा का मेयर

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई ( एजेंसी )।** मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के ऐतिहासिक चुनावी नतीजों ने महाराष्ट्र की राजनीति में एक नए युग की शुरुआत कर दी है। तीन दशकों से मुंबई की सत्ता पर काबिज मातोश्री का वर्चस्व आखिरकार समाप्त हो गया है। शुक्रवार को घोषित परिणामों में भाजपा-शिंदे गठबंधन (महायुति) ने प्रचंड बहुमत हासिल कर ठाकरे परिवार के आखिरी किले को ध्वस्त कर दिया है। अब यह साफ हो गया है कि देश के सबसे अमीर नगर निकाय में इस बार भाजपा का मेयर बैठेगा। बीएमसी के साथ ही हुए महाराष्ट्र की अन्य 28 महानगरपालिकाओं के चुनाव में से भी अधिसंख्य के परिणाम भाजपा के ही पक्ष में आए हैं।



### भाजपा-शिंदे गठबंधन ने बीएमसी चुनाव में प्रचंड जीत

कुल 227 सीटों वाली बीएमसी में बहुमत के लिए 114 सीटों की आवश्यकता थी। ताजा आंकड़ों के अनुसार, भाजपा और एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने मिलकर 127 सीटों पर जीत दर्ज की है। इसमें भाजपा को 97 एवं उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्ववाली शिवसेना को 30 सीटें हासिल हुई हैं। उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) और उनके चचेरे भाई राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) को मिलाकर 73 सीटें मिली हैं। इनमें 64 सीटें शिवसेना (यूबीटी) को एवं नौ सीटें मनसे को मिली हैं। ठाकरे बंधु 20 साल बाद साथ आकर भी बीएमसी की सत्ता हासिल नहीं कर पाए। पिछले लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों के विपरीत इस बार महाविकास आघाड़ी से अलग होकर लड़ी कांग्रेस की स्थिति दो बड़े गठबंधनों के बीच सैंडविच बनकर रह गई। डा.भीमराव आंबेडकर के पौत्र प्रकाश आंबेडकर की पार्टी वंचित बहुजन आघाड़ी से गठबंधन करके भी कांग्रेस 15 सीटों से आगे नहीं बढ़ सकी।

## एसआईआर में दावे-आपत्तियां लेने की तारीख 19 जनवरी तक बढ़ाई

### जूली बोले- भाजपा के षडयंत्र में चुनाव आयोग भी शामिल, गड़बड़ियों पर कोर्ट जाएगी कांग्रेस



**जयपुर।** चुनाव आयोग ने एसआईआर के तहत वोटर लिस्ट में नाम हटवाने और जोड़ने के लिए दावे और आपत्तियां लेने की तारीख को बढ़ा दिया है। चुनाव आयोग ने राजस्थान सहित एसआईआर वाले राज्यों में दावे-आपत्तियां लेने की तारीख को 19 जनवरी तक बढ़ा दिया है। पहले 15 जनवरी दावे-आपत्तियां पेश करने की आखिरी तारीख थी, अब 4 दिन अवधि बढ़ाई गई है। कांग्रेस ने एसआईआर के तहत वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने-हटवाने के लिए आखिरी दिन हजारों आवेदन लेने पर आपत्ति जताते हुए धांधली का आरोप लगाया था।

राजीविका स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से बजट पूर्व संवाद

## राजीविका महिलाएं विकास की मुख्यधारा में जुड़कर हो रही सशक्त, परिवार को भी बना रही आत्मनिर्भर : सीएम शर्मा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में महिला सशक्तीकरण का नया अध्याय लिखा जा रहा है। राजस्थान में भी राजीविका के माध्यम से महिलाएं प्रदेश के विकास की मुख्यधारा में शामिल होकर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि राजीविका की प्रत्येक बहन पारिवारिक आय बढ़ाने में योगदान दे रही है और पूरे परिवार को आत्मनिर्भर बना रही है। श्री शर्मा शुक्रवार को बिड़ला ऑडिटोरियम में राजीविका स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के साथ बजट पूर्व संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में समृद्धि की देवी मां लक्ष्मी, ज्ञान की देवी मां सरस्वती और शक्ति की देवी मां दुर्गा की आराधना की जाती है। ये तीनों ही रूप हमारी माता-बहनों में समाहित हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार आवास से लेकर रसोई गैस सब्सिडी जैसी योजनाओं का लाभ महिलाओं को प्रदान कर रही है।

### महिलाएं - बेहतरीन प्रबंधक और उद्यमी भी

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित राजस्थान के निर्माण में भी आधी आबादी की भूमिका महत्वपूर्ण है। राजीविका की लगभग 13 लाख महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी है। इनमें से मिलेनियर दीदी भी बन रही हैं। स्वयं सहायता समूहों ने सिद्ध कर दिया है कि महिलाएं बेहतरीन प्रबंधक और उद्यमी हैं। साथ ही, महिलाओं ने ऊंची ब्याज दर पर कर्ज लेने की मजबूरी से भी मुक्ति पाई है।

### 32 हजार ग्राम संगठन के माध्यम से बना राजीविका का मजबूत नेटवर्क

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 51 लाख ग्रामीण परिवारों को 4 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा गया है। साथ ही, 32 हजार ग्राम संगठन और 1 हजार से अधिक क्लस्टर लेवल फेडरेशन के माध्यम से राजीविका का मजबूत नेटवर्क तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि आजीविका संवर्धन के अंतर्गत लगभग 36 लाख परिवार कृषि एवं पशुपालन आधारित गतिविधियों से जुड़कर काम कर रहे हैं।

### आजीविका संवर्धन के लिए 2 हजार करोड़ रुपये

श्री शर्मा ने कहा कि राजीविका के माध्यम से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 2 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि आजीविका संवर्धन हेतु प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि कृषि एवं पशुपालन और गैर-कृषि गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए साढ़े 3 हजार से अधिक उत्पादक समूहों का गठन किया गया है। इनके माध्यम से लगभग 3 लाख परिवारों को कृषि एवं पशुपालन गतिविधियों में जोड़ा गया है। किसान परिवार की महिलाएं पशुपालन भी करती हैं। इसलिए हमारी सरकार पशुपालकों को दूध पर 5 रुपये प्रति लीटर का अनुदान दे रही है।

## खसरा नं 29/1086 व 271/1088 पर भूमाफिया द्वारा तार बाडंड्री कर कब्जा करने का मामला

# मांचवा रामकुटिया सुख सागर के पास गैर मुनकीन नदी की जमीन पर कब्जा करने वाले भूमाफिया के खिलाफ कालवाड थाने में शिकायत दर्ज

### पुलिस की जांच में सामने आयेगा मामला

- गैर मुनकीन नदी की भूमी पर भूमाफिया सर्जित करना चाहता है आवासीय योजना
- नागरिक ग्रह निर्माण सहकारी समिति के पदाधिकारी ने काश्तकार द्वारा जमीन सरेंडर होनो बताया



बढ़ता राजस्थान

**कालवाड ( झाबर सिंह धायल )।** जयपुर कमिश्नरेट के कालवाड थाना क्षेत्र में सरकारी भूमी पर कब्जा करने का मामला दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है । मामला इतना बढ़ गया की कब्जा करने वाल भूमाफिया पर तीन जनों ने शिकायत दर्ज करवाई है और जांच दो सहायक निरक्षकों की मोजूदगी में हैड कास्टेबल के पास जांच सुर्पद कि गई। अब इस जांच में सामने आयेगा की भूमाफिया द्वारा किया गया कब्जा सही है या फिर अतिक्रमण जानकारी के अनुसार मांचवा रामकुटिया सुख् सागर एनक्लेव के पास खसरा नं 29 /1086 व 271/1088 पर भूमाफिय्यां द्वारा तार बाडंड्री कर कब्जा करने का मामला है जबकी उक्त भूमी पर श्री हनुमान नगर के नाम से पूर्व में कोलोनी सर्जित हुई है जिसके नव भारत ग्रह निर्माण सहकारी समिति द्वारा पटटे जारी हो चुके है। अब मामला सामने आया की खसरा पर नं 29/1086 व 271/1088 पर अजित चौधरी व जीतू बूरी भूमाफियां द्वारा तार बाडंड्री कर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है और उक्त भूमी में सर्जित करने वाली आवासीय कोलोनी के लिए नगारिक ग्रह निर्माण सहकारी समिति में जमीन सरेंडर करवाई बता कर पटटे जारी करेगें। इस सबंध ने जब बढ़ता राजस्थान के सवांददाता ने नागरिक ग्रह निर्माण सहकारी समिति के पदाधिकारी रविन्द्र सिंह से दुरभाष पर सर्पंक किया तो उन्होने स्वीकारा की जमीन हमारी सोसायटी में सरेंडर हुई है कितनी है वो देखकर बताउंगा।

इस सबंध में राजेन्द्र पुत्र कालूराम मीणा निवासी हातोज,दिनेश पुत्र हनुमान सहाय मांडिया निवासी जयरामपुरा और मदन लाल पुत्र देवाराम निवासी खतवाडी ने कालवाड थाने में शिकायत दर्ज करवाई की कालवाड रोड पार्थ सिटी निवासी अजित चौधरी व जीतू बूरी नाम के भूमाफिय्यां ने हमारे प्लोटो की भूमी पर तार बाडंड्री कर कब्जा करने का प्रयास कर रहे है।पुलिस परीवाद दर्ज कर जांच हैड कांस्टेबल दुकलराम को सोपी गई जिसमें जांच में सामने आयेगा हकीकत क्या है ?

जब बाढ ही खेत खा जाय तो रखवाला कोन की कहावत कालवाड तहसील के मांचवा गांव स्थित गैर मुनकीन नदी नालों की जमीन पर अवैध रूप से आवासीय कोलोनी सर्जित हो रही है और सबंधित अधिकारी तहसीलदा के पास मामला जाये और कार्यवाही नहीं होने पर यह कहावत हकिकत गवाह बनती है मामला कालवाड तहसील के मांचवा स्थित गैर मुनकीन नदी खसरा नं29/1086 व 271/1088राजस्व रिर्कोड में गैर मुनकीन नदी की जमीन का है उस पर किसी प्रभावशाली भूमाफिय्या जो अधिकारीयों को अपना बताते हुए उस जमीन पर अवैध कब्जा करने के लिए तार बाउंड्री कर प्रयास किया जा रहा है इस जमीन पर रातो रात कच्चा कमरा बनाकर उसमें एक महिला को लाया गया जो की अपने आप को जमीन का मालिक बताया जा रहा है । ग्रामीणों की शिकायत पर हल्का पटवारी मोका रिर्पोट बनाई जिसमें भूमाफिय्यां द्वारा उस जमीन पर अवैध कब्जा बताया गया है जिसकी रिर्पोट सबंधित तहसीलदार को पेश की गई जिस पर कालवाड तहसीलदार ने जेडीए को रिर्पोट पेश कर कार्यवाही करने की मांग की। गैर मुनकीन नदी खसरा नं29/1086 व 271/1088राजस्व रिर्कोड की भूमी पर जयपुर विकास प्राधिकरण का यथास्थिति का स्टे लगा हआ है फिर भी भूमाफिय्या नियमों को ताक कर उस बेसकिमती जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है जबकी उस गैर मुनकीन नदी खसरा नं29/1086 व 271/1088राजस्व रिर्कोड में दर्ज भूमी पर पहले से ही एक आवासीय कोलेनी हनुमान नगर के नाम से कोलोनी सर्जित है जिससे लेकर भूमाफिय्या ने कब्जे करने प्रयास से तार बाउंड्री कर ली इस सबंध में कालवाड थाने में मदन लाल पुत्र देवाराम निवासी खतवाडी ने मामला दर्ज करवाया की उसका उस गैर मुनकीन नदी खसरा नं29/1086 व 271/1088 में उसका भूखंड है जिसका नं 51 है जो111वर्गगज में है उस पर कब्जा कर लिया पुलिस ने मामलादर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# मनीष सैन जिला सचिव नियुक्त

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( नि.स. )।** राष्ट्रीय नाई महासभा के प्रदेशाध्यक्ष अशोक सैन सरना के निर्देशन पर कोटपूतली बहरोड़ जिलाध्यक्ष संजय सैन ने जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए पावटा निवासी मनीष कुमार सैन पत्रकार स्मार्ट हलचल को जिला सचिव नियुक्त किया । मनीष सैन को राष्ट्रीय नाई महासभा जिला सचिव बनाये जाने पर तहसील अध्यक्ष रविकान्त सैन, सैन नवयुवक मण्डल सचिव सोहन लाल सैन, अशोक सैन , पंकज सैन सहित समाज बन्धुओं ने सैन को बधाई देते हुए शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया ।

# नियमों को ताक पर रख भारी संख्या में फॉर्म जमा करने का आरोप, कांग्रेस ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जारी मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के बीच पीलीबंगा में नियमों के उल्लंघन का मामला गरमा गया है। शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधियों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया में धांधली का आरोप लगाया और त्वरित हस्तक्षेप की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया कि निर्वाचन नियमावली 2023 के पैरा संख्या 11.3.2 (2) के स्पष्ट निर्देश हैं कि कोई भी व्यक्ति बल्क (थोक) में आवेदन जमा नहीं कर सकता। एक व्यक्तिगत मतदाता केवल एक फॉर्म और मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए -2) प्रतिदिन अधिकतम 10 फॉर्म ही जमा कर सकते हैं। इसके बावजूद, एसडीएम कार्यालय में नियमों के विरुद्ध एक विशेष राजनीतिक दल के कार्यकर्ताओं द्वारा एक ही दिन में सैकड़ों की संख्या में फॉर्म 7 (नाम कटवाने हेतु) और फॉर्म 6 (नाम जुड़वाने हेतु) जमा किए गए हैं।

### कानूनी कार्रवाई की मांग

ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि इस प्रकार थोक में आवेदन जमा करना निर्वाचन आयोग के निर्देशों का खुला उल्लंघन है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि नियम विरुद्ध आवेदन प्रस्तुत करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि चुनावी प्रक्रिया की शुचिता बनी रहे। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के नगर अध्यक्ष बबलू सोनी, गणेशाराम दादरवाल मंडल अध्यक्ष, प्रेमराज जाखड़, गोपीराम, एडवोकेट निखिल बिश्नोई, बलवंत सिंह, दलविंदर सिंह, विजय सिंगीकाट, लकी छगनलाल, लच्छू राम आदि मौजूद रहे।

# डीपीएस उदयपुर के निशानेबाजों का राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर के होनहार निशानेबाजों ने 68वीं राष्ट्रीय राइफल एवं पिस्टल शूटिंग चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और शहर का नाम रोशन किया है। छात्रों ने विभिन्न वर्गों में क्वालिफाई कर अपनी प्रतिभा और मेहनत का परिचय दिया। विद्यालय के प्राचार्य संजय नरवरिया ने बताया कि राइफल शूटिंग कोच प्रवीण सिंह के कुशल मार्गदर्शन में (बालिका वर्ग) में मनुश्री चैधरी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इंडिया टीम ट्रायल के लिए क्वालिफाई किया। वहीं कृष्णा सोनी और नियती कोठारी ने भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह सुनिश्चित की। राइफल शूटिंग (बालक वर्ग) में केशव राज सिंह झाला, अदम्य भार्गव तथा ईशान मेहरा ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

पिस्टल शूटिंग (बालिका वर्ग) में इष्टी सिंह देवड़ा ने 25 मीटर पिस्टल एवं 10 मीटर पिस्टल दोनों स्पर्धाओं में इंडिया टीम ट्रायल के लिए क्वालिफाई किया, जबकि अवीशी भारद्वाज ने 10 मीटर पिस्टल में इंडिया टीम ट्रायल में स्थान प्राप्त किया। पिस्टल शूटिंग (बालक वर्ग) में कार्तिक राज सिंह राठौड़ ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की।

विद्यालय के प्रो वाइस चेयरमैन गोविंद अग्रवाल, प्राचार्य संजय नरवारिया, उप प्राचार्य राजेश धाभाई तथा प्रधानाध्यापिका श्रीमती वरूश्री बनर्जी ने सभी खिलाड़ियों को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# सिरोही की महिलाओं से जुड़े मुख्यमंत्री, किया संवाद

**सिरोही ( नि.स. )।** राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) से जुड़े स्वयं सहायता समूहों के साथ मुख्यमंत्री ने जयपुर से बजट पूर्व संवाद किया। वीसी के जरिए सिरोही जिले की दो महिलाएं भी मुख्यमंत्री से जुड़ी रहीं।
कलक्ट्री स्थिति वीसी रूम से मालेरा (पिण्डवाड़ा) की कांतादेवी गरासिया व जोगापुरा (शिवगंज) की हेमलता गर्ग ने जिले का प्रतिनिधित्व किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्वयं सहायता समूहों से उनके अनुभव, समस्याएं व सुझाव आदि पर संवाद किया। जिला कलक्टर अल्पा चौधरी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाशचंद अग्रवाल, अम्बिका राणावत, स्वयं सहायता समूहों से सुमटीदेवी, नंदादेवी, अमियादेवी, रिंकूदेवी, पवनीदेवी, पोपटदेवी, प्रकाशकंवर, नीता देवासी, पुष्पादेवी आदि उपस्थित रहे।

### विजन राजस्थान प्रदर्शनी की तैयारियां जोरों पर

सिरोही (नि.स.)। केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विजन राजस्थान-2026 प्रदर्शनी 19 जनवरी से दशहरा मैदान में शुरू होगी। इसकी तैयारियां जोरों पर है। प्रदर्शनी के जरिए नवाचार, तकनीक, कृषि, स्वास्थ्य, स्वरोजगार एवं उद्यमिता के नए अवसरों से आमजन को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

# पावटा में कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन

## एसआईआर मुद्दे पर बीजेपी सरकार को घेरा, 152 कार्यकर्ताओं ने थामा कांग्रेस का दामन

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** राजमार्ग स्थित होटल ग्रीन पार्क पावटा में शुक्रवार को कांग्रेस ब्लॉक विराटनगर एवं पावटा की संयुक्त ब्लॉक बैठक जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुई, जिसमें एसआईआर (स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन) के मुद्दे पर भाजपा सरकार को किसान-विरोधी बताते हुए तीखा राजनीतिक हमला बोला गया तथा कांग्रेस की रीति-नीति से प्रभावित 152 लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर ने स्ढ्क्र से जुड़े तथ्यों पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि भाजपा सरकार स्ढ्क्र के नाम पर भूमि, किसान और पंचायत व्यवस्था को संकट में डाल रही है तथा पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने हेतु किसान हितों को नजरअंदाज कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के हक की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ेगी।

बैठक में पीसीसी सचिव जगदीश मीणा ने संबोधित करते हुए कहा कि एसआईआर का मॉडल पारदर्शी नहीं है तथा जनता को भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है। ब्लॉक अध्यक्ष महादेव यादव ने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा विकास व जनहित केंद्रित है जबकि भाजपा किसान-विरोधी नीतियों की पक्षधर बन चुकी है। वरिष्ठ नेता रामनिवास यादव ने कहा कि संगठन की मजबूती से किसान व ग्रामीण मुद्दों की आवाज और बुलंद होगी। सरपंच संघ अध्यक्ष मेहरसिंह धनकड़ ने कहा कि पंचायत व्यवस्था और ग्राम स्वायत्तता पर चोट सहन नहीं की जाएगी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र पारीक ने कहा कि भाजपा की खोखली घोषणाओं की पोल जनता के बीच खुल चुकी है और आने वाला समय परिवर्तन का है। वरिष्ठ नेता शिम्भूदयाल हाडिया ने एसआईआर पर भ्रम फैलाने के प्रयासों की निंदा करते हुए कहा कि कांग्रेस गांव-गांव जाकर जागरूकता अभियान चलाएगी। मंच संचालन ब्लॉक उपाध्यक्ष ओपी बायला ने किया। कार्यक्रम में ओबीसी प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष रामनिवास तहसीलदार, जगदीश डाबड़, वस्त्र व्यापार मंडल अध्यक्ष धर्मेन्द्र गोयल, मुकेश सिंह शेखावत, पूर्व सरपंच रामावतार टेपण, मंडल अध्यक्ष सुनील बिरला, सवाई सिंह शेखावत, पूर्व सरपंच राजपाल सिंह, दशरथ यादव, विक्रम जाट, राजू धनकड़ सरपंच, रामकरण यादव सरपंच, सुरेश नागर, मंडल अध्यक्ष सागर वर्मा, रामेश्वर यादव सरपंच, महावीर चावला, राजीव ढहरवाल, गणेश सैनी, दुलीचंद जांगिड़, मालीराम बाड़ीगर, रामनिवास चोर्या, सीताराम देवेंदा, देशराज सिंह, महिपाल सिंह सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# अंशुल खंडेलवाल की बड़ी उपलब्धि

## राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में जीता 'सॉफ्ट पावर' विषय पर पहला स्थान

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. )।** क्षेत्र के ग्राम बड़नगर निवासी अंशुल खंडेलवाल ने जयपुर स्थित सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय राजस्थान युवा महोत्सव-2026 में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए 'भारत की सॉफ्ट पावर, सांस्कृतिक कूटनीति और वैश्विक प्रभाव' विषय पर राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रदेशभर से चयनित युवा प्रतिभागियों के बीच आयोजित इस बौद्धिक सत्र में अंशुल की प्रस्तुति, तर्क, ज्ञान और अभिव्यक्ति की विशेष सराहना की गई। उन्हें युवा शक्ति, नीति संवाद और राष्ट्र निर्माण से जुड़ी रचनात्मक सोच के लिए सम्मानित किया गया। राज्य स्तरीय महोत्सव में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, युवा एवं खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, एसीएस जल संसाधन विभाग अभय कुमार तथा युवा मामले एवं खेल विभाग के शासन सचिव डॉ. नीरज के. पवन सहित कई वरिष्ठ अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस मंच से विभिन्न श्रेणियों में चयनित युवाओं की उपलब्धियों को सम्मानित किया गया। अंशुल खंडेलवाल ने अपने वक्तव्य में बताया कि भारतीय संस्कृति, परंपरा, लोककलाएँ, आध्यात्मिकता, लोकतांत्रिक मूल्य, आईटी-डिजिटल कूटनीति व चिकित्सा-योग जैसे क्षेत्र विश्व में भारत की सॉफ्ट पावर को मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग इस परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।




अंशुल समय-समय पर केंद्र एवं राज्य सरकार को विकसित भारत ञ्च2047 से जुड़े विषयों पर सुझाव देते रहे हैं। इसी क्रम में वे बजट पूर्व युवा चर्चा में भी शामिल हुए, जिसमें मुख्यमंत्री ने युवाओं के विचार सुने व संवाद किया। इस बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। अंशुल की उपलब्धि से बड़नगर व पावटा क्षेत्र में खुशी व गर्व का माहौल है। स्थानीय ग्रामीणों, युवाओं व समाजजनों ने इसे क्षेत्र के लिए प्रेरक बताया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

# खेलों में छात्राओं की सहभागिता पर दिए निर्देश

### जिला कलक्टर ने किया स्कूल का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान




**सिरोही ( नि.स. )।** जिला कलक्टर अल्पा चौधरी ने वीरवाड़ा की पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद किया तथा जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। जिला कलक्टर ने व्यवसायिक शिक्षा, पुस्तकालय, मध्याह्न भोजन आदि का जायजा लिया। पीएमश्री में अनुमोदित गतिविधियां हरित विद्यालय, राष्ट्रीय आविष्कार अभियान, विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों, संगीत वाद्ययंत्र, किचन गार्डन आदि की जानकारी ली। कक्षा अवलोकन के दौरान छात्राओं से सुविधाओं पर जानकारी ली। प्राचार्य को पीएमश्री में अनुमोदित सभी गतिविधियों को समय पर पूर्ण करने एवं शारीरिक शिक्षक को खेलों में छात्राओं की सहभागिता के लिए निर्देशित किया। इस दौरान सीडीईओ वीरेंद्र यादव, एडीपीसी कांतिलाल आर्य, सहायक निदेशक अजय माथुर, कार्यक्रम अधिकारी रघुनाथराम रावल, सहायक अभियंता सुमित्रा जीनकर आदि उपस्थित रहे।

# सेक्टर 3-9 उपनगरीय क्षेत्र के पदाधिकारियों ने किया संजय भण्डारी का अभिनंदन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** ओसवाल सभा के आगामी चुनावों में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी संजय भण्डारी का सेक्टर 3-9 के पदाधिकारियों ने आज स्वागत वाटिका में हुए समारोह में अभिनंदन करते हुए उनके जीत की मंगलकामनाएं प्रेषित की। उपरोक्त अभिनंदन कार्यक्रम में आनंदी लाल बम्बोरिया, हिम्मत लाल वया, अरुण बया, प्रकाश मेहता, दिलीप भानावत, देवेन्द्र धींग, मुकेश पितलिया, हिम्मत लाल दक, रोड़ी लाल जारोली, श्याम नागोरी, मनीष गलूंडीया, नाना लाल वया, निर्मल पोखरना इत्यादि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

शुक्रवार को संजय भण्डारी के 50 ही प्रत्याशियों ने अपने समर्थकों के साथ अपने अपने क्षेत्रों में मतदाताओं से पर्ची वितरण करते हुए टीम संजय भण्डारी के पक्ष में मतदान की अपील की और चुनाव प्रचार कियाद्य चुनाव प्रचार के दौरान आज टीम संजय भण्डारी को अपार जनसमर्थन मिल रहा हैं।

आज प्रचार में संजय भण्डारी के साथ प्रचार में प्रशांत भण्डारी, अशोक दशरड़ा, नरेन्द्र भाणावत, रेणु जैन, ललित जारोली, बगड़ी लाल भाणावत, महेन्द्र नलवाया, महेश बया, रमेश मारु, प्रवीण गदीया, सुरेन्द्र जारोली, अरविन्द जारोली, सुरेन्द्र दिलीप मोगरा, सोनू जारोली, अनिल मेहता, हेमलता जारोली, अंकुर डनतकपं, सुधीर मेहता, राज कुमारी गन्ना, हेमन्त मेहता, ललित जैन, सतीश कच्छारा, सोनू नागोरी, भावना नागोरी, कुलदीप मेहता, अंकित मेहता, चंदा पटवा, रूपम नलवाया इत्यादि बड़ी संख्या में प्रत्याशी एवं समाज के सदस्य उपस्थित थे।

# जैन महिला मंच के 10 वर्ष पूर्ण होने पर मनाया स्वर्णिम दशक महोत्सव

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** जैन महिला मंच के 10.वर्ष पूर्ण होने पर द सिक्रेट रिसोर्ट में स्वर्णिम दशक महोत्सव मनाया गया।

मंत्री ज्योति जैन ने बताया कि सर्वप्रथम अनिता भावोत, संगीता कंठालिया, प्रभा चैधरी ने सभी को कुमकुम लगाकर अभिवादन किया। जिसमें सभी फेमेली के साथ मिलकर, खुब मौजू मस्ती की। सभी के लिये सिंगल,कपल के लिए कपल गेम भी रखें गयें। सांस्कृतिक प्रोग्राम भी विशेष रूप से आयोजित किये गये। मंच के साथ दस वर्ष से साथ जुड़े हुए सभी मेंबर को उपहार देकर सम्मानित भी किया गया।

इस प्रोग्राम को सफलतापूर्वक आयोजित करने में संयोजक डॉ. दिपिका जैन, बेला सुराणा, प्रिती वया का योगदान रहा। स्वागत गीत नेहा रांका ने प्रस्तुत किया।



मंच अध्यक्ष वंदना बाबेल ने सभी का स्वागत किया व सभी के सहयोग से दस वर्ष पूर्णज्ञ होने पर सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। संयोजक ने बताया कि जो कपल गेम्स में चोटी वाले मे प्रथम नेहा व अमित जैन, द्वितीय शशि व ललित मेहता,तृतीय दिप्ती व मनिष तलेसरा रहे।

बेलुन गेम्स में प्रथम नीलम व प्रदीप सुराणा, द्वितीय शिल्पा अनिल जैन,तृतीय इंदु व इद्रजीत सिंघवी, सिंगल लेडीज गेम्स में रेंवता जैन पुरुस्कार प्रदान किये गये। नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें शिल्पा जी जैन, ज्योति जैन व निर्मला लोढ़ा को सम्मानित किया गया।

# बाबा हरिराम दादा मंदिर में मकर संक्रांति पर पकोड़ों का लंगर और गौ-सेवा का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** अनूपगढ़ पिलीबंगा उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत पण्डितांवाली स्थित बाबा हरिराम दादा मंदिर प्रांगण में मकर संक्रांति का पावन पर्व श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के कार्यकर्ताओं द्वारा विशाल पकोड़ा लंगर व भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में सुबह से ही बाबा के दरबार में भक्तों की भारी भीड़ रही। ग्रामीणों ने क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि और पुण्य लाभ की कामना करते हुए मंदिर में अपनी ओर से विशेष सहयोग दिया। आध्यात्मिक आयोजन के साथ-साथ यहाँ सामाजिक सरोकार की झलक भी देखने को मिली। ग्रामीणों द्वारा स्थानीय गौशाला प्रांगण में गौमाता के लिए सवा पांच क्विंटल दलिया, गुड़ और खल का मिश्रण तैयार कर उन्हें खिलाया गया। इस धार्मिक व सेवा कार्य के दौरान मंदिर कमेटी के अध्यक्ष गोपीराम जाखड़, हंसराज जाखड़, महावीर जाखड़, साहब राम जाखड़, कृष्ण लाल करोड़ीवाल, चंद्रभान उपाध्याय, अनिल शर्मा, विकास शर्मा, चौधरी लक्ष्मण भाखर, गौशाला अध्यक्ष कृष्ण लाल मान, भानीराम, पृथ्वीराज जाखड़, धोकल राम गोस्वामी और गोवर्धन मान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# केसरीसिंहपुर में दिल दहला देने वाली घटना, 13 वर्षीय छात्रा पर तेजाब फेंका

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** क्षेत्र में एक सनसनीखेज वारदात सामने आई, जहां स्कूल जा रही 13 वर्षीय छात्रा पर अज्ञात व्यक्ति ने तेजाब फेंक दिया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। घायल छात्रा को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि आरोपी की पहचान कर जल्द से जल्द गिरफ्तारी की जा सके। प्रारंभिक जांच में घटना के पीछे के कारणों का अभी खुलासा नहीं हो पाया है।

घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। लोगों ने दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले को गंभीरता से लिया गया है और जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

# सनातनी किन्नरों के शोषण का मुद्दा गरमाया

# किन्नर अखाड़ा ने की जांच की मांग

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** राजधानी जयपुर में शुक्रवार को मानसरोवर स्थित सुमेर पैराडाइज में किन्नर अखाड़ा द्वारा देश में पहली बार किन्नर समाज के भीतर चल रही अवैध गतिविधियों और धार्मिक कट्टरता पर एक बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमें किन्नर अखाड़ा के संस्थापक ऋषि अजय दास महाराज ने बड़ा खुलासा करते हुए आरोप लगाया है कि देशभर में एक संगठित जाल 'किन्नर जिहाद' के नाम पर सक्रिय है,जो सनातनी किन्नरों के धर्मांतरण, अवैध वसूली और आर्थिक शोषण में लिप्त है। उनके इस प्रयास को बजरंग सेना, हिन्दू वाहिनी सेना, विश्व हिंदू परिषद, मीणा महासंघ जैसे कई अन्य संगठनों ने भी अपना समर्थन दिया है। महाराज ने दावा किया है कि 80 प्रतिशत सनातनी किन्नरों को दबाव, डर और प्रतिबंधों के माध्यम से मुस्लिम रीति-रिवाज़ अपनाने पर मजबूर किया गया, विरोध करने पर मारपीट और आर्थिक दंड तक लगाए जाते हैं।

जन्म से हिंदू होने के बावजूद कई किन्नरों का अंतिम संस्कार इस्लामिक तौर-तरीकों से किया जाता है। कथित हिजड़ा गिरोह त्योहारों, शादियों और अन्य शुभ अवसरों पर गुंडागर्दी के साथ अवैध वसूली करते हैं। सनातनी समाज से मिल रहे पैसों का उपयोग शराब, मांसाहार, अय्याशी, मदरसों और संदिग्ध गतिविधियों में किया जा रहा है। तथाकथित किन्नर सम्मेलनों में 10-15 दिनों तक कव्वाली, नाच-गाना, जुआ और शराब पर 10-20 करोड़ रुपये खर्च किए जाते हैं, जबकि इन संगठनों पर ना टैक्स है, ना कोई सरकारी निगरानी। बड़ी संख्या में किन्नर गिरोहों में बांग्लादेशी व्यक्तियों का प्रवेश भी दर्ज किया गया है, जिससे सुरक्षा एजेंसियों के लिए खतरा बढ़ता दिखाई दे रहा है। ऋषि अजय दास महाराज ने कहा कि देश में हजारों समाजसेवी संस्थाएँ दान का हिसाब सरकार को देती हैं, लेकिन किन्नर गिरोहों को टैक्स और जांच से अजीब तरह की छूट मिली हुई है, जबकि यह समानता के अधिकार का उल्लंघन है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुछ प्रमुख किन्नर नेता इन जिहादी गिरोहों के साथ मिलकर सनातनी किन्नरों की घर वापसी रोकने का प्रयास कर रहे हैं।

इस मौके पर पंडित अशोक शर्मा (संस्थापक बजरंग सेना), विजय शर्मा (राष्ट्रीय महासचिव बजरंग सेना), राजेश शर्मा (प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान बजरंग सेना), हेमांगी जगद्गुरु (किन्नर वैष्णव किन्नर अखाड़ा), काजल किन्नर (जिला अध्यक्ष कोटा), साध्वी सौम्या सखी (छत्तीसगढ़), तनीषा सनातनी (प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान), मीनू किन्नर (प्रदेश अध्यक्ष दौसा लालसोट), निशा किन्नर (उनियार, कनिका (जयपुर), दीपिका (जयपुर), रूबी (जयपुर), सचिन सोनकर वकील साहब (इंदौर), अलकेश शर्मा (हिन्दू वाहिनी कानपुर), भागीरथ (हिन्दू महासभा), सुमित खंडेलवाल (बजरंग दल), राम भजन मीणा वकील साहब, रामावतार मीणा (मीणा महासंघ) उपस्थित रहे।

## महासभा के सफल आयोजनों पर कार्यकर्ताओं का सम्मान, जयपुर में हुआ भव्य कार्यक्रम



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** अखिल भारतीय विजयवर्गीय (टंपेलिं) महासभा, जयपुर द्वारा दिनांक 11 जनवरी 2026 को आयोजित कैबिनेट मीटिंग, नववर्ष मिलन समारोह एवं पोष बड़ा कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के उपलक्ष्य में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महासभा के अध्यक्ष श्री राकेश कुमार विजयवर्गीय (थली वाले) के नेतृत्व में सी-66, साकेत कॉलोनी, आदर्श नगर, जयपुर स्थित निवास पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान श्री राकेश कुमार विजयवर्गीय द्वारा गणेश जी के ब्राह्मणों एवं महासभा के सक्रिय कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। समारोह में समाज के वरिष्ठ व गणमान्य पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर महासभा के संरक्षक मदनलाल विजयवर्गीय, सीताराम (पीपलू), कमलेश (दौड़वाड़ी), रतन (अजमेरी), रामबाबू (भरथला), डॉ. संदीप जी, अभिषेक (मेहंदवास), उमाकांत (खेड़ा), देवेंद्र (बांदीकुई), गणेश जी (बावड़ी), अशोक (गुड़ा कटला), दीपक (डालडा), बजरंगलाल (गोविंदपुरा), पंकज(भरथला),विक्की(मानसरोवर) वाई के विजय सहित अनेक समाजबंधु अपने परिवारों सहित उपस्थित रहे।

## नेशनल स्टार्टअप डे- भव्य और हिमांशु ने राज्य स्तर पर दिया प्रस्तुतीकरण



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** नेशनल स्टार्टअप डे के अवसर पर राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर के माधव सभागार में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव कुलदीप रांका मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रदेशभर से चयनित स्टार्टअप्स एवं नवाचार आधारित शैक्षणिक परियोजनाओं को मंच प्रदान किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और युवाओं में स्टार्टअप संस्कृति, नवाचार सोच तथा आत्मनिर्भर भारत की भावना को सशक्त करना रहा।कार्यक्रम में रिमार्केबल एजुकेशन द्वारा राजसमन्द जिले में संचालित उमंग प्रोजेक्ट के अंतर्गत सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नवाचार कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण बने। राजसमंद जिले के स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल, केलवा के छात्र भव्य माहेश्वरी ने पेड़ों से झडने वाली पत्तियों के उपयोग से पर्यावरण-अनुकूल कागज निर्माण का अभिनव मॉडल प्रस्तुत किया। इस नवाचार का उद्देश्य कागज उत्पादन के लिए पेड़ों की कटाई को कम करना तथा जैविक कचरे का उपयोग करना है।

## डॉ. मोहित टांटिया को 'युवा प्रेरणा सम्मान'



बढ़ता राजस्थान

**श्रीगंगानगर (नि.स.)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने टांटिया यूनिवर्सिटी के वाइस चेयरपर्सन डॉ. मोहित टांटिया को 'युवा प्रेरणा सम्मान' दिया है। स्वामी विवेकानंद जयंती पर श्रीगंगानगर में हुए एक गरिमामयी कार्यक्रम में अभाविप के प्रांत उपाध्यक्ष कृष्णकुमार भुंवाल, सायल भालोटिया, भूपेश लेघा व अंकित छींपा ने उन्हें सम्मान प्रतीक और स्वामी विवेकानंद का साहित्य भेंट करके सम्मानित किया। इस मौके पर भुंवाल ने कहा कि डॉ. मोहित टांटिया ने युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है, जिन्होंने अपने अनथक कार्यों से समाज में बदलाव लाने का प्रयास किया है और युवाओं के विकास के लिए अनेक मार्ग प्रशस्त किए हैं। इस मौके पर डॉ. टांटिया, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी रहे प्रो. कैलाश भसीन, विभाग प्रचारक रघुबीर जी व कृष्णकुमार भुंवाल ने मोबाइल के अत्यधिक प्रयोग को रोकने और खेलों व अन्य शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की प्रेरणा देते एक पोस्टर का विमोचन भी किया। उल्लेखनीय है कि डॉ. मोहित टांटिया यूथ आईकॉन के रूप में उभरे हैं। उन्होंने शिक्षा एवं चिकित्सा के क्षेत्र में विशेष कार्य करने के साथ सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी निभाई है।



## राजकीय विद्यालय फलियावास में जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर व जूतों का निःशुल्क वितरण

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, फलियावास (जिला जयपुर) में शीत ऋतु के दौरान जरूरतमंद परिवारों के अध्ययनरत विद्यार्थियों को ठंड से बचाव के उद्देश्य से स्वेटर एवं जूतों का निःशुल्क वितरण किया गया। यह जनकल्याणकारी कार्यक्रम मिलन पावर एवं इलेक्ट्रिक ग्रुप के सौजन्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक अग्रवाल रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल अग्रवाल, रामावतार माहेश्वरी एवं गायत्री माहेश्वरी उपस्थित रहे। इसके साथ ही पावर मिलन परिवार की ओर से आशा अग्रवाल एवं प्रिया अग्रवाल सहित अन्य सम्माननीय सदस्य समारोह में मौजूद रहे।

इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीणों एवं अभिभावकों ने बढ़-चढक़र भाग लिया और कार्यक्रम की सराहना की। समारोह में सरपंच श्रीमती अंजना शर्मा, श्री सीताराम लोईवाल, हरि नारायण मीणा, रामनिवास पटेल, रामावतार शर्मा, सत्य नारायण शर्मा सहित अनेक स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम की भव्यता और बढ़ गई। कार्यक्रम का सफल आयोजन विद्यालय की प्रधानाचार्या रश्मि शर्मा के निर्देशन में किया गया। आयोजन को सफल बनाने में शिक्षक जगमोहन वर्मा, हेमराज मीणा, घासी राम मीणा, विष्णु सोनी, मनीषा चोपड़ा, कर्मचारी गिरिराज शर्मा सहित समस्त विद्यालय स्टाफ का उल्लेखनीय सहयोग रहा।

### जेएलएन मार्ग पर सेहत का महाकुंभ

# जवाहर कला केंद्र में आरोग्य मेले की धमाकेदार शुरुआत, हिजामा बना आकर्षण का केंद्र

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** जेएलएन मार्ग स्थित जवाहर कला केंद्र में गुरुवार को आरोग्य मेले का भव्य शुभारंभ हुआ। 15 जनवरी से 18 जनवरी तक चलने वाले इस मेले में आमजन को वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया जा रहा है। पहले ही दिन बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचे और निःशुल्क जांच व परामर्श का लाभ लिया। मेले में यूनानी, आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धतियों के विशेषज्ञ मरीजों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श व उपचार दे रहे हैं। हर उम्र के लोग अपनी-अपनी स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर स्टॉल पर पहुंच रहे हैं और प्राकृतिक उपचार की ओर आकर्षित हो रहे हैं। विशेष रूप से यूनानी चिकित्सा पद्धति के अंतर्गत हिजामा (कपिंग थेरेपी) लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। कपिंग चिकित्सा इकाई के प्रभारी और वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ मोहम्मद रोशन के अनुसार हिजामा के माध्यम से शरीर से दूषित रक्त को बाहर निकालकर रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाई जाती है। यह जोड़ों के दर्द, माइग्रेन, कमर दर्द, थकान, त्वचा रोग एवं रक्त संचार से जुड़ी समस्याओं में प्रभावी मानी जाती है। कई मरीजों ने उपचार के बाद राहत महसूस करने की बात कही। आयुर्वेदिक स्टॉल पर जड़ी-बूटियों एवं घरेलू नुस्खों के जरिए इलाज किया जा रहा है, वहीं होम्योपैथी में बिना साइड इफेक्ट के उपचार की जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। आरोग्य मेले का उद्देश्य आमजन को प्राकृतिक एवं वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। चार दिनों तक चलने वाले इस मेले में प्रतिदिन सैकड़ों लोग पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ उठा रहे हैं,वरिष्ठ यूनानी चिकित्सा अधिकारी और चर्म रोग विशेष डॉ निसार अहमद ने बताया की आरोग्य मेले मे जोड़ो के दर्द और चर्म रोग के काफ़ी मरीज आ रहे है आरोग्य मेले मे अब तक यूनानी चिकित्सा कपिंग, चिकित्सा, जोशांदा से तकरीबन 1000 से अधिक लोगों ने रोगोपचार एवं परामर्श प्राप्त किया है।

## 94.80 की लागत से होगा सड़कों के नवीनीकरण कार्य

बढ़ता राजस्थान

**चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत)।** सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान के मुख्य अभियंता (सडक़) ने विधानसभा क्षेत्र चौमूं के अंतर्गत ग्रामीण सडक़ों की स्थिति सुधारने के लिए अतिरिक्त सडक़ मरम्मत कार्यक्रम के तहत 94.80 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की है। क्षेत्र के लिए 94.80 लाख रुपयों की स्वीकृति जारी करने पर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उप मुख्यमंत्री व सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री दिया कुमारी का आभार व्यक्त किया है।

## केलवा थाना क्षेत्र में छात्रा की संदिग्ध मौत, कुएं में मिला शव

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** केलवा थाना क्षेत्र में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। निचली मियारी गांव निवासी एक छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। एएसआई महेंद्र सिंह ने बताया कि छात्रा प्रतिदिन की तरह विद्यालय जाने के लिए घर से निकली थी। विद्यालय से लौटने के बाद जब वह देर शाम तक घर नहीं पहुंची तो परिजन चिंतित हो गए। परिजनों ने पहले घर व आसपास के क्षेत्रों में उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।इसके बाद परिजनों व ग्रामीणों ने गांव व आसपास के इलाकों में खोजबीन शुरू की। शुक्रवार सुबह ग्रामीणों को गांव के एक कुएं में शव दिखाई दिया। इस पर तत्काल केलवा पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की सहायता से छात्रा के शव को कुएं से बाहर निकलवाया गया।शव की पहचान परिजनों द्वारा की गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। फिलहाल छात्रा की मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस का कहना है कि मामला संवेदनशील है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए गहन जांच की जा रही है।

## विराट हिंदू सम्मेलन की सफलता की कामना को लेकर सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ताओं ने भगवान गणेश को दिया निमंत्रण

बढ़ता राजस्थान

**चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत)।** चौमूं नगर की केशव बस्ती का विराट हिंदू सम्मेलन 25 जनवरी को आयोजित होगा । शुक्रवार को सम्मेलन को लेकर सुबह सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम की सफलता को लेकर प्राचीन गढ़ गणेश मंदिर स्थित गणेश भगवान को पीले चावलों के साथ निमंत्रण दिया। व्यवस्था प्रमुख शंकर जिंदल ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बालिका आदर्श विद्या मंदिर से संपूर्ण केशव बस्ती के समाज बंधु व मातृशक्ति ढोल नगाड़ों की धूनो व भगवान गणेश के जय जयकारों के साथ सैकड़ो की संख्या में गढ़ गणेश मंदिर में जाकर गणेश जी को निमंत्रण दिया। इसके पश्चात आराध्य देव लक्ष्मी नाथ मंदिर में जाकर कार्यक्रम की सफलता की प्रार्थना की। कार्यक्रम की संरचना में 25 जनवरी को प्रात: 10.30 बजे कार्यक्रम प्रारंभ होगा। जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पंच परिवर्तनों के अनुसार केशव बस्ती के परिवारों का सम्मान समारोह रहेगा व संपूर्ण केशव बस्ती की मातृ शक्ति के आह्वान पर 1100 महिलाओं के द्वारा विशाल कलश व शौर्य यात्रा रहेगी। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष योगेश सैनी, समिति मंत्री अटल मेठी, पुरुषोत्तम शर्मा, राधे श्याम शर्मा बाग वाले, राजेंद्र गुलिया, गंगासागर सैनी, रामकुमार योगी, अजय सैनी, निखिल सैनी, कांता मेठी, दिनेश जिंदल, पृथ्वीराज,विष्णु बालेश्वर, रवि सैनी, कृष्णा अवतार, नीलकमल, आशा शर्मा, सुरेश, कन्हैया लाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।


## कार्यालय मुख्य अभियन्ता, जल संसाधन विभाग, राजस्थान जयपुर

(इन्दिरा गांधी नहर मंडल भवन, भवानी सिंह रोड-302005)

**क्रमांक** : मुअ/जस/स्टोर/एफ-09/2025-26/11 **दिनांक 07.01.2026**

**निविदा सं0-19/2025-26**

कार्यालय मुख्य अभियन्ता, जल संसाधन विभाग, राजस्थान जयपुर के भूतल प्रथम तल, द्वितीय तल पर सफाई कार्य हेतु सीलबन्द निविदाये, दिनांक 20.01.2026 को दोपहर 3:00 बजे तक आंमत्रित की जाकर उसी दिन 3:30 बजे उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष खोली जावेगी। निविदा फार्म एवं शर्ते 200/- रु. की डी.डी. अधिशाषी अभियन्ता (एम-II) वास्ते मुख्य अभियन्ता, जल संसाधन विभाग, राजस्थान, जयपुर के नाम अथवा नकद कार्यालय में जमा करा कर प्रकाशन से दिनांक 19.01.2026 तक प्राप्त की जा सकती है। कार्य की अनुमानित वार्षिक लागत 3.75 लाख रु. है। निविदा के साथ 2 प्रतिशत अमानत राशि का डी.डी. संलग्न कर प्रस्तुत करना होगा। यह अनुबन्ध एक वर्ष के लिए प्रभावी होगा। उक्त निविदा का सम्पूर्ण विवरण / शर्ते SPPP PORTAL (sppp.rajasthan.gov.in) पर ऑनलाईन भी देखी जा सकती है।

**DIPR/C/707/2026**

**अधिशाषी अभियन्ता, (एम-II)**
**वास्तो मुख्य अभि. जल संसाधन विभाग,**
**राजस्थान जयपुर।**



प्ररूप-10 नियम 6 (7) देखिए

## प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगरपालिका मालपुरा जिला टोंक (राज.)

**कमांक न.पा.मा.कृ.भू.रू./25-26/2561** **दिनांक: 17-11-2025**

**लोक सूचना**

श्री अंकित कुमार जैन पुत्र लालचन्द जैन निवासी बोरखंडी दरवाजा लावा तहसील मालपुरा जिला टॉक (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिघृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

| जिले सहित | तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं. क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| टोंक | मालपुरा | कस्बा मालपुरा | आराजी खसरा नम्बर 3852 रकबा 3.17 बीघा वाके कस्बा मालपुरा प्रस्तावित आवासीय कॉलोनी |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिघृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 17/11/25 को जारी की गयी।

**प्राधिकृत अधिकारी**
**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका मालपुरा**

## सम्पादकीय

# भाजपा की एक और जीत, महाराष्ट्र के निकाय चुनाव में दिखा दबदबा



देश में सबसे अधिक बजट वाले नगर निकाय बृहन्मुंबई नगर निगम यानी बीएमसी पर प्रभुत्व कायम करने वाली भाजपा और एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने महाराष्ट्र के अन्य अधिकांश निकायों के चुनावों में जीत हासिल कर राष्ट्र का ध्यान इसलिए अपनी ओर खींचा, क्योंकि इन चुनावों को मिनी विधानसभा चुनावों की संज्ञा दी गई थी। बीएमसी के चुनाव नतीजों पर अधिक ध्यान था, क्योंकि यहां पर ठाकरे परिवार की शिवसेना का 25 वर्षों से कब्जा था। शिवसेना-उद्धव ठाकरे का बीएमसी की सत्ता से बाहर होना एक बड़ा झटका है, क्योंकि इस निकाय का करीब 75 हजार करोड़ रुपये का बजट उसे देश की आर्थिक राजधानी में राजनीतिक शक्ति के साथ आर्थिक ताकत भी प्रदान करता था। उद्धव ठाकरे ने बीएमसी पर अपनी पकड़ बनाए रखने के लिए राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना से हाथ मिलाया, लेकिन यह मेल उस पर भारी पड़ा। इसका एक कारण यह रहा कि वह अपनी विचारधारा से भटकती दिखी। कभी भाजपा की स्वाभाविक सहयोगी रही शिवसेना ने पहले धुर विरोधी दलों कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से हाथ मिलाया, फिर निकाय चुनावों में मनसे से हाथ मिला लिया, जो मराठी मानुस के अपने उग्र एजेंडे के कारण उत्तर भारतीयों के प्रति बैर रखने वाली पार्टी है। इस बार तो राज ठाकरे ने तमिलनाडु भाजपा नेता अन्नामलाई के प्रति अपमानजनक बातें करके उत्तर भारतीयों समेत महाराष्ट्र के बाहर के सभी बाशिंदों को सशंकित कर दिया। यह उद्धव ठाकरे के पराभव का दूसरा कारण रहा। उद्धव यह भूल गए कि अब राज्य के बड़े शहरों में अन्य राज्यों के लोगों की बड़ी संख्या है। मुंबई तो देश भर के लोगों का घर है। कहना कठिन है कि निकाय चुनावों के निराशाजनक नतीजों के बाद उद्धव ठाकरे मनसे का हाथ छोड़कर फिर से कांग्रेस के साथ खड़े होंगे या नहीं, लेकिन उनके लिए महाराष्ट्र की राजनीति में प्रासंगिक बने रहना किसी चुनौती से कम नहीं। चुनौती कांग्रेस के सामने भी है, क्योंकि निकाय चुनावों में अपेक्षित नतीजे न मिल पाने के कारण राष्ट्रीय दल के रूप में उसकी स्थिति और कमजोर दिखने लगी है। एक चुनौती शानदार जीत हासिल करने वाली भाजपा के सामने भी है और यह है बीएमसी के कामकाज को भ्रष्टाचार से मुक्त करने और मुंबई का सही तरीके से विकास करने की। बीएमसी शिवसेना का आर्थिक संबल इसीलिए थी, क्योंकि भ्रष्ट तौर-तरीकों के कारण नगर निकाय का पैसा उसके नेताओं के पास पहुंचता था। बीएमसी के इसी भ्रष्टाचार के कारण मुंबई अंतरराष्ट्रीय शहर के रूप में विकसित नहीं हो पा रही थी। मुंबई को खराब सड़कों, ट्रैफिक जाम और प्रदूषण से त्रस्त शहर की छवि से मुक्त करना भाजपा की पहली प्राथमिकता बननी चाहिए।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 17 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 2020 - भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी से एरियन-5 प्रक्षेपण यान के माध्यम से संचार उपग्रह जीसैट-30 प्रक्षेपित कर किया। यह प्रक्षेपण भारतीय समयानुसार 2 बजकर 35 मिनट पर किया गया। यह इसरो का साल 2020 का पहला मिशन था। प्रक्षेपण के लगभग 38 मिनट 25 सेकंड बाद सैटेलाइट कक्षा में स्थापित हो गया।
- केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आतंकवाद, नक्सली हिंसा या सांप्रदायिक दंगा पीड़ितों को सरकारी सहायता पाने हेतु 'आधार' को अनिवार्य कर दिया।
- 2013 - इराक में सिलसिलेवार बम धमाकों में 33 लोग मारे गये।
- 2010- भारत के उच्चतम न्यायालय ने ग़ैरक़ानूनी तरीक़े से हमला किए जाने की स्थिति में आत्मरक्षा के अधिकार की प्रो-ऐक्टिव परिभाषा देते हुए कहा है कि क़ानून का पालन करने वाले लोगों को कायर बनकर रहने की ज़रूरत नहीं है। उसकी दो सदस्यीय खंडपीठ ने आत्मरक्षा के अधिकार की 10 सूत्रीय निर्देश तय करते हुए कहा कि इन परिस्थितियों में किसी व्यक्ति को अपराधी नहीं बनाया जा सकेगा, भले ही उसने हमलावर को जानलेवा क्षति पहुँचायी हो।
- 2009- भारतीय ओलम्पिक संघ के महासचिव रणधीरसिंह ने अपने पद से इस्तीफ़ा दिया।
- 2008-
- केन्द्र सरकार ने विकलांगों को नौकरियां देने के लिए 1800 करोड़ रुपये की एक योजना को मंज़ूरी प्रदान की।
- मेडागास्कर में हिन्द महासागर के ताड़ के पेड़ की नई प्रजाति मिली।
- 2007 - आस्ट्रेलिया के क्रिकेटर माइकल बेवन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से सन्यास लिया।
- 2002 - अमेरिकी विदेश मंत्री कॉलिन पावेल भारत पहुँचे, आतंकवाद के मुद्दे पर भारत के रुख़ का समर्थन किया।
- 1995 - जापान में 7.2 तीव्रता के भूकंप में 5,372 लोगों की मौत।
- 1989 - कर्नल जेके बजाज उत्तरी ध्रुव पर पहुंचने वाले पहले भारतीय बने।

## विशेष आलेख

# ग्लोबल वार्मिंग की चेतावनी अब हकीकत बन चुकी है



सुनील कुमार महला

धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है और इसके दुष्परिणाम अब पूरी दुनिया में स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। इसी क्रम में यूरोपीय संघ की कोपरनिकस जलवायु परिवर्तन सेवा (सी3एस) ने 14 जनवरी 2026 को जलवायु परिवर्तन को लेकर गंभीर चेतावनी जारी की। रिपोर्ट के अनुसार, यह इतिहास में पहली बार हुआ है जब लगातार तीन वर्षों-2023, 2024 और 2025 के दौरान वैश्विक औसत तापमान पूर्व-औद्योगिक स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा। वर्ष 2025 रिकॉर्ड में तीसरा सबसे गर्म वर्ष रहा, जो वर्ष 2023 से 0.01 डिग्री सेल्सियस और 2024 से 0.13 डिग्री सेल्सियस ठंडा था। गौरतलब है कि वर्ष 2024 सबसे गर्म और वर्ष 2023 दूसरा सबसे गर्म वर्ष रहा, जबकि पिछले 11 वर्ष अब तक के सबसे गर्म वर्षों की सूची में शामिल हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि वर्ष 2025 में अंटार्कटिका ने अब तक का सबसे गर्म साल दर्ज किया, जबकि आर्कटिक क्षेत्र दूसरे स्थान पर रहा। तापमान में इस असामान्य वृद्धि के कारण दुनिया भर में भीषण तबाही देखने को मिली। भारत और पाकिस्तान में मानसूनी बारिश और बाढ़ से एक हजार से अधिक लोगों की जान गई। वैज्ञानिकों ने इस गर्मी के लिए दो प्रमुख कारण बताए हैं—पहला, ग्रीनहाउस गैसों जैसे कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइड, जलवाष्प, ओजोन और फ्लोरोन युक्त गैसों का लगातार बढ़ता उत्सर्जन, और दूसरा, अल-नीनो की सक्रियता के साथ महासागरों की सतह का रिकॉर्ड स्तर तक गर्म होना। अल-नीनो एक प्राकृतिक जलवायु घटना है, जिसमें प्रशांत महासागर के मध्य और पूर्वी हिस्से का समुद्री सतही तापमान सामान्य से अधिक बढ़ जाता है, जिससे वैश्विक मौसम प्रणाली प्रभावित होती है। भारत में अल-नीनो के दौरान मानसून कमजोर पड़ सकता है, जिससे कम वर्षा, सूखा और अत्यधिक गर्मी की स्थिति बनती है, जबकि दुनिया के अन्य हिस्सों में भारी वर्षा और बाढ़ जैसी आपदाएँ देखने को मिलती हैं। धरती के बढ़ते तापमान का ताज़ा उदाहरण उत्तराखंड का ओम पर्वत है, जो आमतौर पर जनवरी महीने में मोटी बर्फ की चादर से ढका रहता है। वर्ष 2026 में, लगभग 15,700 फीट की ऊँचाई पर स्थित यह पवित्र पर्वत शीतकाल के बीचों-बीच भी लगभग बर्फविहीन नजर आ रहा है। ऊँचे हिमालयी क्षेत्रों में पर्याप्त बर्फबारी न होने के कारण पर्वत का निचला और मध्य हिस्सा काला दिखाई दे रहा है। पहले अगस्त-सितंबर में बर्फ का न होना असामान्य माना जाता था, लेकिन अब जनवरी में भी यही स्थिति सामने आना जलवायु परिवर्तन की गंभीर चेतावनी है। वर्ष 2025 में बढ़ते वैश्विक तापमान के कारण पृथ्वी पर भारी तबाही देखी गई। औद्योगिक क्रांति से पहले के स्तर की तुलना में औसत वैश्विक तापमान लगभग 1.47 से 1.48 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा, जिससे यह वर्ष अब तक का तीसरा सबसे गर्म साल बन गया। इसके परिणामस्वरूप हीटवेव, बाढ़, तूफान और सूखे जैसी आपदाओं से वैश्विक आर्थिक नुकसान 120 बिलियन डॉलर से अधिक पहुँच गया। अकेले कैलिफ़ोर्निया की जंगल की आग से लगभग 60 बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ और 400 से अधिक लोगों की जान चली गई। एशिया में भारत और पाकिस्तान की बाढ़ ने लगभग 1,860 से अधिक लोगों की मौतें दर्ज कीं और करीब 5.6 बिलियन डॉलर का आर्थिक नुकसान हुआ, जबकि पाकिस्तान में 70 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए। एक प्रतिष्ठित पत्रिका के अनुसार, भारत में 2025 के पहले 11 महीनों में 334 में से 331 दिनों पर कहीं न कहीं चरम मौसम की घटनाएँ दर्ज की गईं। इन घटनाओं में लगभग 4,419 लोगों की मौत हुई, 1.74 करोड़ हेक्टेयर फसल बर्बाद हुई और 1.81 लाख से अधिक घरों को नुकसान पहुँचा। भारत के पर्वतीय क्षेत्रों में ग्लोबल वार्मिंग का असर और भी तेज़ी से दिखाई दे रहा है। हिंदू कुश हिमालय क्षेत्र में तापमान वृद्धि की दर वैश्विक औसत से अधिक है, जिसके कारण ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, लद्दाख के ज़ांस्कर क्षेत्र में स्थित डुरुंग-द्रुंग ग्लेशियर 2015 से 2023 के बीच लगभग 165 मीटर पीछे हट चुका है। डाउन टू अर्थ पत्रिका के अनुसार, हिंदू कुश हिमालय क्षेत्र के ग्लेशियर 2011 से 2020 के दौरान पिछले दशक की तुलना में 65 प्रतिशत तेज़ी से सिकुड़े हैं, और यदि तापमान 2 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ता है तो सदी के अंत तक लगभग 45 से 50 प्रतिशत बर्फ समाप्त हो सकती है। ग्लेशियर और बर्फ पहाड़ों में जल का प्राकृतिक भंडार होते हैं। सर्दियों की बर्फ धीरे-धीरे पिघलकर साल भर नदियों को पानी देती है, लेकिन बढ़ते तापमान के कारण अब बर्फ कम गिर रही है और जल्दी पिघल भी रही है। बर्फ की जगह बारिश हो रही है, जो तुरंत बह जाती है, जिससे बारिश और बर्फ का संतुलन बिगड़ रहा है। डाउन टू अर्थ के अनुसार, वर्ष 2100 तक सर्दियों में बर्फबारी लगभग 25.8 प्रतिशत और वसंत में लगभग 54.1 प्रतिशत तक कम हो सकती है, जिससे भविष्य में जल संकट, सूखा और अचानक बाढ़ जैसी समस्याएँ और गंभीर होंगी। हिमालयी ग्लेशियरों से निकलने वाला पानी गंगा, ब्रह्मपुत्र और सिंधु जैसी प्रमुख नदियों का आधार है। बर्फ में कमी का सीधा अर्थ है गर्मियों में नदियों में कम पानी, गिरता भूजल स्तर और कृषि पर बढ़ता संकट। आज उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और लद्दाख जैसे क्षेत्रों में जलस्रोत सूख रहे हैं, जिससे गाँवों का परित्याग, कृषि संकट और आजीविका पर खतरा बढ़ रहा है। ग्लोबल वार्मिंग का प्रभाव अब केवल पर्वतीय क्षेत्रों तक सीमित नहीं रहा है। भारत के मैदानी, तटीय और शहरी इलाकों में भी इसके दुष्परिणाम स्पष्ट हैं। वर्ष 2025 में देशभर में 270 से अधिक दिनों तक चरम मौसम की घटनाएँ दर्ज की गईं। फरवरी 2025 पिछले 124 वर्षों में सबसे गर्म महीना रहा, जबकि गर्मी के मौसम में भारत-पाकिस्तान क्षेत्र में कई स्थानों पर तापमान 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच गया। एक अध्ययन के अनुसार, भारत के 85 प्रतिशत से अधिक जिले अब बाढ़, सूखा और चक्रवात जैसी चरम जलवायु घटनाओं के जोखिम में हैं। इन लगातार बढ़ते प्रभावों के चलते ग्लोबल क्लाइमेट रिस्क इंडेक्स-2026 में भारत को दुनिया के सबसे अधिक प्रभावित देशों में नौवाँ स्थान मिला है। संक्षेप में, यह स्पष्ट है कि ग्लोबल वार्मिंग अब केवल तापमान वृद्धि तक सीमित नहीं रही।

# स्वास्थ्य सेवाओं को पंगु बनाने का खेल

*चिकित्सकों को विशेष रोगों का विशेषज्ञ बनाने के लिए एम.डी. व एम.एस. पाठ्यक्रम में प्रवेश की व्यवस्था है, जिसका माध्यम नीट परीक्षा उत्तीर्ण करना है, जिसमें प्रवेश के लिए अर्हता के मापदंड पूर्व निर्धारित हैं।*



डॉ. सुधाकर आशावादी

किसी भी राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए आम नागरिक को प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं का निपुण चिकित्सकों द्वारा संचालित किया जाना अपेक्षित होता है। अक्षम और अयोग्य चिकित्सकों के भरोसे स्वास्थ्य सेवाओं को नहीं छोड़ा जा सकता। चिकित्सकों को विशेष रोगों का विशेषज्ञ बनाने के लिए एम.डी. व एम.एस. पाठ्यक्रम में प्रवेश की व्यवस्था है, जिसका माध्यम नीट परीक्षा उत्तीर्ण करना है, जिसमें प्रवेश के लिए अर्हता के मापदंड पूर्व निर्धारित हैं, जिनके अनुसार अनारक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु पचास प्रतिशत तथा आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु चालीस प्रतिशत अंक अनिवार्य थे। इस बार पीजी पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु निर्धारित सीटें न्यूनतम अर्हता पूरी न कर पाने के कारण रिक्त रहने का अनुमान है, जिसके चलते स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सामान्य वर्ग के लिए पर्सेंटाइल पचास प्रतिशत से घटाकर सात प्रतिशत तथा आरक्षित वर्ग के लिए चालीस प्रतिशत से घटाकर शून्य पर्सेंटाइल कर दिया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय भले ही उक्त मानक घटाने के लिए पर्सेंटाइल में कमी को उचित ठहराए, मगर सामान्य समझ का कोई भी व्यक्ति इस निर्णय को तर्कसंगत करार नहीं दे सकता। स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जा सकता, फिर सात प्रतिशत या शून्य पर्सेंटाइल पर पीजी में प्रवेश को तर्कसंगत कैसे ठहराया जा सकता है ?विचारणीय बिंदु यह भी है कि शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आवश्यक जनोपयोगी सेवाओं में निपुणता के मानक पूरे किया जाना ही मुख्य प्राथमिकता होनी चाहिए, फिर आरक्षण जैसी विकलांगता से इन सेवाओं को पंगु बनाने का औचित्य ही क्या है , यदि एक बार इस प्रकार की छूट प्रदान करके बिना उचित अर्हता के अभ्यर्थियों को पीजी में प्रवेश दिया गया, तो क्या गारंटी है, कि कोई अक्षम चिकित्सक जनमानस का समुचित उपचार करने में समर्थ होगा ? विडंबना यही है, कि आरक्षण की विकलांगता को इसी प्रकार के अतार्किक निर्णयों से पोषित किया जा रहा है, कहीं शून्य अंक प्राप्त करने वाले व्यक्ति को विषय विशेषज्ञ बताकर शिक्षक बनाया जा रहा है, तो कहीं चिकित्सा जैसे जीवन से जुड़े गंभीर विषय का मखौल उड़ाने से भी परहेज नहीं किया जा रहा है। ऐसे में आवश्यक है, कि जनमानस के जीवन से जुड़े गंभीर मुद्दों को गंभीर मानते हुए ही निर्णय लिए जाएं तथा देश के स्वास्थ्य एवं शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर गुणवत्ता के विरुद्ध कोई भी समझौता न किया जाए। नीट पीजी की परीक्षा में न्यूनतम अर्हता प्राप्त न करने वाले अभ्यर्थियों को पीजी पाठ्यक्रम में प्रवेश देने के लिए दी गई इस छूट पर पुनर्विचार किया जाए। अन्यथा स्वास्थ्य सेवाओं को पंगु बनाने की दिशा में स्वास्थ्य मंत्रालय का यह निर्णय राष्ट्र घातक सिद्ध होगा। इसमें कोई संदेह नहीं है।

## लघुकथा | बढ़ता राजस्थान

### इलाज का धंधा



रामशरण की पत्नी सीने में दर्द से तड़प रही थी। वे अपनी पत्नी को लेकर शहर के सबसे बड़े हॉस्पिटल में पहुंचे। रिसेप्शनिस्ट ने काउंटर पर मुस्कराकर कहा, 'चिंता मत कीजिए, हमारे पास वर्ल्ड-क्लास इलाज है। कोई एक पैकेज चुन लीजिए- गोल्ड, प्लेटिनम या डायमंड?' घबराए रामशरण ने प्लेटिनम पैकेज ले लिया। अगले पांच दिन हर घंटे नए टेस्ट, स्कैन और इंजेक्शन पड़ते रहे। डॉक्टर आते, कुछ लिखते और निकल जाते। छठे दिन शाम को डॉक्टर ने कहा- 'कन्फर्म हुआ, गैस थी। आपके पेशेंट को सीने में दर्द गैस की वजह से हुआ था। मरीज बिलकुल ठीक है।' बिल देखकर रामशरण के होश उड़ गए, कुल 3,85,000 रुपये का था। उन्होंने हकलाते हुए पूछा, 'इतना सब सिर्फ गैस के इलाज में?' रिसेप्शनिस्ट फिर मुस्कुराई- 'सर, यहां वर्ल्ड-क्लास सर्विस है। प्लेटिनम का रेंज यही है।

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# ब्लड शुगर कंट्रोल में न रहने के लिए कौन से कारण हैं जिम्मेदार? जान लीजिए इसके पीछे की असली वजह

ब्लड शुगर का स्थिर न रहना कई प्रकार की दिक्कतों का कारण बन सकता है। क्या बार-बार आपका भी शुगर लेवल कम या ज्यादा हो रहा है? समय रहते इसके कारणों का सही निदान और इलाज जरूर करा लें। डॉक्टर कहते हैं, ब्लड शुगर को नियंत्रित करके मधुमेह जटिलताओं, जैसे किडनी रोग, तंत्रिकाओं की क्षति, दृष्टि से संबंधित समस्याओं, स्ट्रोक और हृदय रोगों से बचा जा सकता है। इसके लिए जरूरी है कि आपका आहार स्वस्थ हो और आप शारीरिक रूप से सक्रिय रहें। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने पाया कि जिन लोगों के ब्लड शुगर का स्तर अक्सर अनियंत्रित रहता है, उनमें थकान-कमजोरी और नींद की समस्याओं का होना काफी सामान्य है। टाइप-2 डायबिटीज वाले लोगों को ब्लड शुगर स्पाइक के कारणों के बारे में जानना और इससे बचाव के उपाय करते रहना जरूरी है। आइए जानते हैं किन वजहों से ब्लड शुगर लेवल बार-बार कम या ज्यादा होता रहता है और इसे कंट्रोल करने के लिए क्या किया जाना चाहिए? डिहाइड्रेशन, यानी शरीर में पानी की कमी के कारण ब्लड शुगर का स्तर बढ़ सकता है। शोधकर्ताओं ने पाया कि शरीर में तरल पदार्थों की मात्रा कम होने से हाइपरग्लेसेमिया हो सकता है। रक्त शर्करा बढ़ने पर आपको अधिक पेशाब आ सकता है, जिसके परिणामस्वरूप निर्जलीकरण और भी बढ़ने का जोखिम रहता है। मधुमेह वाले लोगों को हाइड्रेटेड और स्वस्थ रहने के लिए पूरे दिन खूब सारा पानी या अन्य कैलोरी-फ्री पेय पीते रहना चाहिए। अगर आपकी रात में नींद पूरी नहीं हो रही है तो इससे न सिर्फ अगले दिन आपको मूड और ऊर्जा से संबंधित दिक्कतें हो सकती हैं।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज आपको पारिवारिक रिश्तों में एकजुटता बनाए रखनी होगी और प्रेम व सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। जीवनसाथी को आपकी कोई बात बुरी लग सकती हैं।

**वृष**
आज का दिन विद्यार्थियों के लिए बढ़िया रहने वाला है, उन्होंने यदि किसी नए कोर्स को करने का सोचा था, तो वह उसमें दाखिला दिला सकते हैं। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे, जो आपको खुशी देंगे।

**मिथुन**
आज आपकी कला व कौशल में निखार आएगा। धार्मिक कार्यों में आपकी काफी रुचि मिलेगी और रोजगार की तलाश में दर-दर भटक रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। छोटे बच्चों के साथ आप कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी, जो आपके लिए बेहतर रहेगी।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपकी इनकम बढ़ने से खुशी होगी। आपको कुछ नए लोगों से मेलजोल बढ़ाने का मौका मिलेगा।

**कन्या**
आज आप अपने दोस्तों के साथ कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे, लेकिन इसके साथ-साथ आप अपनी जिम्मेदारियों पर भी पूरा ध्यान देंगे। यदि कोई शारीरिक समस्या है।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने दिनचर्या को बेहतर करने के प्रयासों में तेजी लाएंगे और आपके बॉस से आपकी किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती हैं। आपको अपनी मेहनत का पूरा फल मिलेगा।

**वृश्चिक**
आज आप अपने कामों को लेकर परेशान रहेंगे, लेकिन आपको काम को लेकर हिम्मत नहीं हारनी हैं और समस्याओं का डटकर सामना करना होगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए कुछ नए खर्च करने के लिए रहेगा। आप अपने भविष्य को लेकर कोई सोच विचार करेंगे। माता जी आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकती है।

**मकर**
आज आपके मन में काम को लेकर नए-नए विचार आएंगे और आपका बिजनेस पहले से बेहतर चलेगा। आपके कामों मे कोई पार्टनरशिप होने की संभावना है।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में अच्छा रहने वाला है। विद्यार्थियों के लिए कोई पढ़ाई लिखाई से संबंधित वस्तु मिल सकती है। आपको कार्यक्षेत्र में किसी पॉलिटिक्स का हिस्सा बनने से बचना होगा।

**मीन**
आज आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा और आपको अच्छा मुनाफा होने की संभावना है और आपको आज बॉस की ओर से कोई उपहार भी मिल सकता है। आप किसी काम को लेकर यात्रा पर जा सकते हैं।

## उप जिला कलक्टर ने किया औचक निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** उप जिला कलक्टर गौरव मित्तल ने शुक्रवार को सहायक निदेशक महिला अधिकारिता विभाग, ब्लॉक सांख्यिकी कार्यालय एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उप जिला कलक्टर ने कार्यालयों में उपस्थिति पंजिका जांच की। इस दौरान कुल 6 कार्मिक अनुपस्थित मिले। उन्होंने बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित मिले कार्मिकों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यालय में प्रतिदिन निर्धारित समय पर उपस्थित रहने की सख्त हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय परिसरों की साफ-सफाई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। जिन कार्यालयों में स्वच्छता व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाई गई, वहां के कार्यालयाध्यक्षों को तत्काल प्रभाव से साफ-सुथरा एवं स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कार्यालयों सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त परिवादों की प्रगति रिपोर्ट की जांच कर पोर्टल पर प्राप्त परिवादों का संतुष्टिपूर्ण समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने संबंधित विभागों के कार्यालय अध्यक्षों से उनके विभाग द्वारा संचालित फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी भी प्राप्त की।

## सहायता शिविरः घुमन्तु समुदाय के व्यक्तियों के बनाए जा रहे जाति, मूल सहित अन्य प्रमाण पत्र



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** घुमन्तु समुदाय के व्यक्तियों को केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से 15 से 31 जनवरी, 2026 तक प्रात: 10 बजे से सांय 5 बजे तक विमुक्त घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु सहायता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। नगर परिषद आयुक्त देवेन्द्र जिन्दल ने बताया कि शिविर के प्रथम दिन गुरुवार को नगर परिषद परिसर में कुल 9 आवेदन प्राप्त हुए। नगर परिषद से संबंधित कार्यो के लिए राजस्व अधिकारी विजेन्द्र मीना 9587958008 को नोडल प्रभारी एवं प्रभारी अधिकारी अशरफ खान को नियुक्त किया गया है।

**19 जनवरी को इन उपखण्डों में लगेंगे शिविर :-** मलारना डूंगर की शेषा एवं वजीरपुर की सेवा के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र में विमुक्त घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु सहायता शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

**इन वार्डो में लगेंगे शिविर : -** इसी प्रकार नगर परिषद क्षेत्र सवाई माधोपुर में 19 जनवरी को वार्ड संख्या 9 से 12 के शिविर नगर परिषद परिसर में, नगर परिषद क्षेत्र गंगापुर सिटी के वार्ड संख्या 13 से 18 के शिविर नगर परिषद सभागार गंगापुर सिटी में तथा नगर पालिका क्षेत्र खण्डार में वार्ड संख्या 6 से 10 के शिविर कार्यालय नगर पालिका खण्डार के सभागार में आयोजित किए जाएंगे।

## पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, गुलज़ारबाग, टोंक में जिला कलेक्टर का औचक निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (पुरूषोतम जोशी)।** पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, गुलज़ारबाग, टोंक का शुक्रवार को जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं आधारभूत व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के समय विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश पारीक एवं पीएम श्री प्रभारी प्रदीप धतूरिया ने विद्यालय में संचालित पीएम श्री योजनाओं एवं गतिविधियों की विस्तृत जानकारी विज़िटर रूम में जिला कलेक्टर को दी। इस अवसर पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी शुभे सिंह यादव, एडीपीसी रामगोपाल बलाई, एपीसी रामजी लाल मीणा एवं एपीसी शिवप्रसाद मीणा भी निरीक्षण दल में सम्मिलित रहे। अधिकारियों ने कक्षा-कक्षों, अभिलेखों एवं शैक्षणिक वातावरण का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्य अतिया रशीद, वरिष्ठ अध्यापक अशोक कुमार जैन, कन्हैया लाल जैन, रामलता, सुनीता, हुमा खान, मसूद, दशरथ,नोमान,धीरज बंसीवाल सहित अन्य स्टाफ भी उपस्थित रहे। जिला कलेक्टर ने विद्यालय की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए गुणवत्ता-पूर्ण शिक्षा एवं पीएम श्री योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण से विद्यालय परिवार में उत्साह का वातावरण रहा।

### देश में पहली बार अमरूद महोत्सव का आयोजन सवाई माधोपुर में, लोकसभा अध्यक्ष बिरला कल आएंगे

# किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल-डॉ. किरोड़ी लाल

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राज्य के कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कहा है कि सवाई माधोपुर के 263वें स्थापना दिवस को इस वर्ष बाघ महोत्सव एवं अमरूद महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। सवाई माधोपुर सहित पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है कि देश में पहली बार अमरूद महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस ऐतिहासिक आयोजन का शुभारंभ 18 जनवरी को प्रातः 11 बजे माननीय लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के मुख्य आतिथ्य में किया जाएगा। यह आयोजन केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि किसानों की मेहनत और जिले की कृषि पहचान को राष्ट्रीय मंच देने का प्रयास है। मीणा ने कहा कि अमरूद महोत्सव एवं उन्नत कृषि तकनीकी मेला-2026 केवल उत्सव नहीं, बल्कि किसानों के भविष्य को सशक्त बनाने की दिशा में एक ठोस और दूरदर्शी कदम है। कृषि मंत्री ने बताया कि यह दो दिवसीय आयोजन किसानों के लिए ज्ञान, नवाचार और अवसरों का संगम होगा। इसमें आधुनिक खेती, स्मार्ट फार्मिंग, कृषि यंत्रीकरण, ड्रोन तकनीक, हाई-टेक बागवानी, प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन से जुड़े नवाचारों को प्रत्यक्ष रूप से देखने और सीखने का अवसर मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रतिदिन हजारों किसान इस मंच से जुडक़र अपनी खेती को अधिक लाभकारी बनाने के गुर सीखेंगे।

**अमरूद की मिठास को अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में पहल**

डॉ. मीणा ने कहा कि उन्होंने जिले के किसानों वादा किया था कि सवाई माधोपुर के अमरूद की मिठास को प्रदेश ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई जाएगी। अमरूद महोत्सव उसी संकल्प की पहली ठोस शुरुआत है। इस पहल से स्थानीय किसानों, बागवानों और युवाओं को नई तकनीकों, बाजार की समझ और मूल्य संवर्धन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ मिलेंगी, जिससे वे अपनी आय बढ़ाने में सक्षम होंगे। उन्होंने बताया कि सवाई माधोपुर जिले में वर्तमान में 15 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में अमरूद की खेती की जा रही है तथा प्रतिवर्ष लगभग 4 लाख मीट्रिक टन उत्पादन से 6 से 7 अरब रुपये का कारोबार होता है। इस संभावनाशील क्षेत्र को संगठित मंच देकर वैज्ञानिक, व्यापारी और किसान के बीच सीधा संवाद स्थापित करना ही अमरूद महोत्सव का मूल उद्देश्य है। डॉ. मीणा ने कहा कि अमरूद महोत्सव को पंच गौरव की भावना से जोड़ा गया है।

उन्होंने बताया कि महोत्सव में अमरूद की विभिन्न किस्मों की प्रदर्शनी, फल-फूल प्रतियोगिता, देश के विभिन्न राज्यों की 20 से अधिक नर्सरियों की भागीदारी, लगभग 200 स्टॉल्स के माध्यम से कृषि यंत्र, उद्यानिकी तकनीक, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, पशुपालन और डेयरी गतिविधियों के लाइव डेमोंस्ट्रेशन आयोजित किए जाएंगे। साथ ही, अमरूद से बनने वाले वैल्यू-एडेड उत्पादोंकृजैसे जूस, जैली, स्क्वैश, पल्प, बर्फी, चटनी और आचारकृकी व्यापक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

## कोटा-लालसोट मेगा हाईवे कुस्तला सर्किल के पास सब्जी और प्लाई बोर्ड से भरे ट्रक भिड़े, तीन की मौत



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिले के कोटा-लालसोट मेगा स्टेट हाईवे पर गुरुवार रात बड़ा सडक़ हादसा हो गया। कुस्तला सर्किल के पास दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रेफर किया गया है। हादसे के बाद हाईवे पर काफी देर तक जाम की स्थिति बनी रही। रवांजना डूंगर थाना अधिकारी दिलीप कुमार के अनुसार, एक ट्रक सवाई माधोपुर की ओर से आ रहा था, जबकि दूसरा ट्रक 8 लेन एक्सप्रेस-वे की तरफ से हाईवे पर उतरा था। एक ट्रक में सब्जियां भरी हुई थीं और दूसरे ट्रक में प्लाई बोर्ड लदा हुआ था। रात करीब 11 बजे कुस्तला सर्किल के पास दोनों ट्रकों में जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर रवांजना डूंगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया गया। पुलिस ने ट्रकों में फंसे चारों लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल भिजवाया, जहां इलाज के दौरान तीन लोगों ने दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक, मौके से मिले आधार कार्ड के आधार पर दो मृतकों की पहचान सुनील कुमार पांडेय और भवानी के रूप में हुई है। तीसरे मृतक और घायल की पहचान के प्रयास जारी हैं। बताया जा रहा है कि हादसे में एक ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा चालक घटना के बाद फरार हो गया। फरार चालक की तलाश के लिए पुलिस टीम गठित कर दी गई है। हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया था, जिसे बाद में ट्रकों को हटवाकर यातायात बहाल कर दिया गया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## देवली शहर में हुंडई कंपनी के नए शोरूम अदिति हुंडई का जयपुर रोड पर शुभारंभ हुआ

बढ़ता राजस्थान



**देवली (गोविंद सिंह सेठी)।** शुक्रवार को यहां शहर के जयपुर रोड पर हुंडई के नए शोरूम का उद्घाटन हुआ है । इस अवसर पर हुंडई की कार खरीदने वाले उपभोक्ताओं को 5 कार की डिलीवरी भी दी गई। शोरूम के मैनेजर मनीष पाराशर ने जानकारी में बताया कि देवली शहर में हुंडई कंपनी के नए शोरूम अदिति हुंडई का जयपुर रोड पर शुभारंभ हुआ है। शोरूम उद्घाटन के इस अवसर पर सद्गुरु आश्रम टोंक के संस्थापक गुरुदेव राजकुमार शर्मा ने मंत्रोच्चार के साथ पाठ पूजा कर शोरूम का फीता काटकर विधि विधान के साथ उद्घाटन किया है। इसके बाद हुंडई कंपनी के जोनल मैनेजर अनुज सिरोही ने अदिति हुंडई के पर्वतकों राजीव सिंघल और अमित सिंघल को शुभकामना भेंट की और कहा कि देवली में हुंडई के नए शोरूम से क्षेत्र वासियो को और बेहतर सुविधा एवं सर्विस की सेवा संतोषप्रद मिलती रहेगी। शोरूम के इस उद्घाटन कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नवल मंगल और रमेश जिंदल ने भी शिरकत की ओर इस मौके पर कहा कि स्थानीय कार उपभोक्ताओं को हुंडई कंपनी की और से बेहतर सेवाओं का अवसर प्राप्त होता रहेगा। इस मौके पर अदिति हुंडई के सीईओ राहुल सिंघल ने बताया कि देवली हुंडई के शोरूम पर कंपनी के सभी मॉडल यहां भी आसानी से उपलब्ध होते रहेंगे। साथ ही फोर व्हीलर वाहन उपभोक्ताओं को अनुभवी मैकेनिको की बेहतर सर्विस और सेवाएं यहां आसानी से मिलती रहेगी। इस अवसर शहर के दर्जनों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## जिला कलेक्टर ने मृतकों के आश्रितों को सहायता राशि स्वीकृत की

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (पुरूषोतम जोशी)।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने विभिन्न दुर्घटनाओं में मृतकों के आश्रितों को मुख्यमंत्री सहायता कोष से तीन लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है।

जिला कलेक्टर ने बताया कि दुर्घटना में मृतक नानूलाल पुत्र जुवाना गुर्जर निवासी काचरिया ग्राम पंचायत हमीरपुर तहसील व जिला टोंक, मृतका खुशी शर्मा पुत्री रामकिशन निवासी देवरी तहसील उनियारा जिला टोंक एवं मृतक लेखराज बैरवा पुत्र जयनारायण बैरवा निवासी ग्राम रामनगर धतूरी तहसील निवाई जिला टोंक के प्रत्येक आश्रित को एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की हैं।

## एसआईआर प्रकिया में गलत रूप से नाम हटाने के विरोध में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** उपखंड अधिकारी कार्यालय में ग्राम पंचायत नोहटा के कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शिवराज जाट करीरिया के नेतृत्व में एसआईआर प्रकिया में फार्म नं. 7 भरकर गलत रूप से नाम हटाने के विरोध में एसडीएम प्रीति मीणा को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि निवार्चन नामावली में फार्म नं. 7 भरकर गलत रूप से करीब दो दर्जन मतदाओं के नाम हटा दिए गए है। जो कि गलत है व न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने बताया कि एसआईआर प्रकिया में वांछित दस्तावेज भी बीएलओ खुशीराम चौधरी को दे दिया है। फिर भी उक्त बीएलए द्वारा राजनैतिक द्वैषतावश गलत जानकारी दी है। उन्होंने एसडीएम से निर्वाचन नामावली में नाम यथावत रखने की की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में शिवराज करीरिया, मोहनलाल बैरवा, दयाराम गुर्जर, पुखराज रहड, अन्सार, फेली साई, अनीश खान, युसुफ व शब्बीर साई सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## 263वें सवाई माधोपुर स्थापना दिवस का आगाज आज से

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला प्रशासन एवं पर्यटक विभाग द्वारा सवाई माधोपुर का 263वां स्थापना दिवस बाघ महोत्सव के रूप में 17 से 19 जनवरी तक धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रमों की शुरुआत शनिवार को प्रातः 9 बजे रणथम्भौर दुर्ग स्थित श्री त्रिनेत्र गणेश की महाआरती से होगी। वहीं समापन 19 जनवरी की सांय जाने-माने गायक पद्मश्री कैलाश खेर की सूफी बंदिशों और रंगीन भव्य आतिशबाजी से होगा। उप निदेशक पर्यटन मधुसूदन सिंह ने बताया कि सवाई माधोपुर उत्सव के प्रथम दिन त्रिनेत्र गणेश जी की महाआरती के पश्चात प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे तक दशहरा मैदान में फोटो प्रदर्शनी और लाइव पेंटिंग आर्ट कैम्प का आयोजन होगा। वहीं दोपहर 12 बजे गणेशधाम भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र खिलचीपुर में पारंपरिक खेलों का आयोजन किया जाएगा। इसी दिन सांय 5 बजे रामेश्वरघाट पर दीपदान कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसी प्रकार 18 जनवरी को प्रातः 8 बजे लवकुश वाटिका चौथ का बरवाड़ा में नेचर वॉक (प्रकृति की सैर), प्रातः 10 बजे पुलिस लाइन मैदान में फुटबॉल मैच, प्रातः 11 बजे दशहरा मैदान में अमरूद एक्सपो, दोपहर 2 बजे दशहरा मैदान में कन्हैया पद दंगल, इसी दिन सांय 7 बजे दशहरा मैदान में रणथम्भौर की सांस्कृतिक दहाड़ आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## बाइक चोरी के चंद घंटों में चोरों को गिरफ्तार किया

### बाइक चोरी करने वाले दो शातिर चोर को देवली पुलिस ने पकडऩे में सफलता हासिल की

बढ़ता राजस्थान





**देवली (गोविंद सिंह सेठी)।** स्थानीय पुलिस ने बाइक चोरों को पकडऩे में सक्रियता दिखाते हुए शहर में हुई बाइक चोरी एक वारदात के 2 दिन बाद ही चोरों को गिरफ्तार करते हुए एक मामले में बाइक चोरी का खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीणा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह सोलंकी के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने कार्रवाई करते हुए दो युवकों को धर दबोचा और उनके कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। थाना प्रभारी दौलत राम गुर्जर के अनुसार गत 13 जनवरी को परिवादी सुन्दर लाल मीणा निवासी कासीर ने पुलिस को रिपोर्ट दी थी कि उसकी मोटरसाइकिल शहर के बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने खाद-बीज की दुकान के पास से चोरी हो गई है। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर तुरंत जांच शुरू कर दी।

इसी के साथ थानाधिकारी दौलत राम गुर्जर के नेतृत्व में गठित टीम ने घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दो संदिग्ध व्यक्ति बिना नंबर की मोटरसाइकिल लेकर शहर के चर्च रोड से जयपुर रोड की तरफ जा रहे हैं। मुखबिर से मिली इस सूचना पर गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चर्च रोड पर नाकाबंदी कर दी और संदिग्धों को रोककर पूछताछ की। बाइक चोरों द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं देने पर पुलिस ने जब सख्ती से पूछताछ की तो बाइक चोरों ने उक्त मोटरसाइकिल चोरी करने की बात स्वीकार कर ली। इस कार्रवाई पर पुलिस ने बताया कि आरोपियों में घनश्याम पुत्र भंवरलाल निवासी बीबनवा रोड, बूंदी का रहने वाला और दूसरा आरोपी नरेन्द्र कुमार मीणा उर्फ रायसिंह पुत्र रामसिंह निवासी ऊँचा, थाना हनुमान नगर जिला भीलवाड़ा का रहने वाला हैं।

# गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर हुई समीक्षा बैठक

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** उपखंड अधिकारी कार्यालय में गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर एसडीएम प्रीति मीणा की अध्यक्षता में ब्लॉक के अधिकरियों व कर्मचारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में एसडीएम प्रीति मीणा ने आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए अधिकारियों को गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह की सभी व्यवस्थाओं को अन्तिम रूप देने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में आने वाले सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो। समारोह स्थल पर बिजली, छाया, पेयजल, वाहन पार्किंग व छात्र-छात्राओं व प्रतिभाओं के लिए बैठने की पुख्ता व्यवस्थाएं हो। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए माईक व मंच, लाउड स्पीकर व अतिथियों के लिए स्टेज की व्यवस्थाएं सुनिश्चत करें। बैठक में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों व प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के लिए स्मृति-चिन्ह व प्रमाण-पत्र की व्यवस्था करने, सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों में लड्डूओं का वितरण करने व शारीरिक व्यायाम प्रदर्शन मैदान की साफ-सफाई करवाने सहित कई महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं की जिम्मेदारियां सौंपी गई। उन्होंने मौजूद अधिकारियों को सभी सरकारी कार्यालयों में 26 जनवरी को सुबह 8:30 बजे ध्वजारोहण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस प्रशासन को कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह स्थल पर कानून व्यवस्था व अनुशासन बनाएं रखने के लिए निर्देशित किया। बैठक में अधिशासी अधिकारी मनोहरलाल जाट, बिजली विभागके सहायक अभियंता केसी माली, धनराज टाटावत, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रमेश विजय, थनाधिकारी घासीराम मीणा व चित्रांस माथूर सहित बिजली, पालिका, चिकित्सा, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जलदाय विभाग व महिला एवं बाल विकास विभाग सहित सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

## एससी/एसटी एक्ट और मारपीट के मामले में फरार 5 हजारी ईनामी अपराधी कालू उर्फ कृष्णा गुर्जर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर(धीरज मौर्य)।** कोटपूतली बहरोड़ जिला डीएसटी पुलिस टीम ने बड़ी कार्यवाही करते हुए एससी/एसटी एक्ट व मारपीट के मामले में फरार5हजारी ईनामी अभियुक्त कालू उफऱ् कृष्णा गुर्जर पुत्र जयराम गुर्जर निवासी लोयती थाना बानसूर को गिरफ्तार किया है। यह कार्यवाही जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई के निर्देशानुसार काफ़ी समय से फरार चल रहे वांछित अपराधियों के खिलाफ चल रही कार्यवाही में शामिल रही।उक्त कार्यवाही की पालना में कोटपूतली बहरोड़ के अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक नाजिम अली के सुपरविजन व जिला डीएसटी प्रभारी अंकित कुमार सामरिया के नेतृत्व में कड़ी मेहनत व लग्न से कार्यवाही करते हुए आसूचनाओं पर नजर गड़ाई रखी गईं।उक्त प्रकरण में मिली जानकारी के आधार पर ही बानसूर थाना पुलिस में दर्ज प्रकरण संख्या-202/25में दर्ज धाराओं 115(2),126(2),3(5),बीएनएस व 3(2), एससी/एसटी एक्ट में लम्बे समय से फरार चल रहे ईनामी अपराधियों की तलाश पतरशी में उक्त अपराधी को गिरफ्तार किया गया।डीएसटी टीम में अंकित कुमार सामरिया,कांस्टेबल धर्मेन्द्र कुमार,सतपाल,मनोज,विक्रम,प्रवीण,संजय व चालक अशोक शामिल रहे।

## हवाबाजी न करें युवा- ट्रैफिक इंचार्ज संजय शर्मा

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** युवाओं की हवा बाजी दूर करने और युवाओं को प्रेरित करने के लिए यातायात पुलिस लगातार युवाओं को समझा कर चालान कर रही है ऐसे में शुक्रवार को ट्रैफिक इंचार्ज संजय शर्मा राज ऋषि महाविद्यालय पहुंचे जहां उन्होंने युवाओं को समझाया कि वे इस देश की व अपने परिवार की धरोहर हैं।उन्होंने कहा कि वे कॉलेज के लडक़ों से कहना चाहेंगे कि ये मोटरसाइकिल से इस तरह की हवाबाजी ठीक नहीं है, कॉलेज के बाहर बिना हेलमेट हवाबाजी कर रहे युवाओ को समझाया व जुर्माना ठोका, आप देश का भविष्य हैं इसलिए ट्रैफिक़ रूल्स की पालना करें।

## पुत्र ने किये अपनी माता जी के नेत्रदान

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** शहर मे श्रीमति पुष्पा मल्होत्रा पत्नी श्री सदानन्द मल्होत्रा निवासी कैलाश कॉलोनी अलवर के आकस्मिक निधन के उपरान्त उनके नेत्रदान कर दिए गए। नारायण सेवा संस्थान के अलवर शाखा अध्यक्ष आर.एस. वर्मा ने बताया कि संजय मल्होत्रा ने अपनी माता जी के निधन के बाद नेत्रदान के लिए डॉ0 श्रॉफ धर्मार्थ चिकित्सालय आई डोनेशन सेंटर अलवर को फोन किया, तदोपरांत डॉक्टरों की टीम ने उनके निवास पर पहुँच कर परिवार की सहमति के बाद आई डोनेशन की प्रक्रिया को पूरा किया। पुत्र संजय मल्होत्रा ने उनकी उनकी अंतिम इच्छा अनुसार उनके नेत्रदान कर बहुत पुण्य का काम किया है। इस नेत्र दान से किन्ही दो नेत्रहिनो की आँखों को रोशनी मिलने से उनकी जिन्दगी संवर जायेगी उनकी इस पहल से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी। और मानवता के लिए परोपकार हेतु इस पुण्य कार्य को और अधिक बल मिलेगा।

## दिल्ली पब्लिक वर्ल्ड स्कूल में भारतीय सेना के शहीद परिवारों के बच्चों को मिलेगी निशुल्क शिक्षा

बढ़ता राजस्थान




**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** पनियाला मोड़ स्थित दिल्ली पब्लिक वर्ल्ड स्कूल में शुक्रवार को स्कूल निदेशक एवं दिल्ली भाजपा प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित हुई। मित्तल ने स्कूल की गतिविधियों की जानकारी लेते हुए आगामी सत्र 2026-27 से भारतीय सेना में शहीद परिवारों के बच्चों को विद्यालय में निशुल्क शिक्षा देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा और सुरक्षा में भारतीय सेना के जवानों एवं शहीदों की अहम भूमिका रही है। ऐसे में यह निर्णय शहीद परिवारों के लिए न केवल संबल का काम करेगा बल्कि इससे शिक्षा को बढ़ावा देने की पहल भी पूरी होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षित व्यक्ति ही समाज को सुदृढ़ व संस्कारिक बना सकता है। प्रिंसिपल शिल्पा सिंह ने इस पहल को सराहनीय बताया। इसके अलावा मैनेजमेंट के अंकूर गुप्ता, आनंद मित्तल ने कहा कि विद्यालय शुरू से ही सामाजिक सरोकारों एवं आधुनिक शिक्षा को लेकर बेहतर से बेहतर प्रबंधन करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि आगामी सत्र में स्कूल के प्रतिभावान बच्चों के उच्च स्तर के अध्ययन के लिए अनेक प्रयास किए जाएंगे।

## विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन, पर्यावरण संरक्षण व साईबर अपराधों की दी जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोटपूतली-बहरोड़ के एक्शन प्लान की अनुपालना में शुक्रवार को ग्राम पंचायत द्वारिकपुरा एवं नारेहड़ा में विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन पीएलवी सुरजन कुमार मीणा एवं संजय कुमार जोशी द्वारा किया गया। ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण, वृक्षारोपण के महत्व, रालसा वन, बालिका 2025 सृजन की सुरक्षा योजना, श्रमिकों के अधिकारों, साईबर अपराधों के विरुद्ध जागरूकता तथा रालसा के 90 दिवसीय विशेष अभियान के तहत विस्तृत विधिक जानकारी प्रदान की गई। साथ ही राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। आयोजित शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। दोनों कार्यक्रमों में कुल लगभग 240 से अधिक लाभार्थी उपस्थित रहे। शिविर के दौरान प्रतिभागियों ने विधिक विषयों पर रुचि दिखाते हुये प्रश्न भी पूछे और योजनाओं की जानकारी लेकर लाभ उठाने की बात कही।

# छल और भ्रम ही भाजपा का असली राजनीतिक चरित्र संवैधानिक संस्थाओं का हो रहा दुरुपयोगः टीकाराम जूली

### भाजपा के वीबीजी रामजी अभियान को जूली ने बताया जनता को गुमराह करने वाला छलावा

**वोटर लिस्ट में धांधली और एसआईआर की तारीख बढ़ाने पर चुनाव आयोग की भूमिका पर उठाए सवाल**

बढ़ता राजस्थान



**अलवर/जयपुर (का.स.)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने गुरुवार को भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भ्रम फैलाना और चुनाव जीतने के लिए छल करना ही भाजपा का असली चाल-चरित्र बन चुका है। उन्होंने भाजपा के वीबीजीरामजी अभियान को जनता का ध्यान भटकाने वाला महज एक छलावा करार दिया। जूली ने आरोप लगाया कि भाजपा का एजेंडा जनसेवा नहीं, बल्कि संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर चुनाव जीतना और जनहित की ऐतिहासिक योजनाओं के मूल स्वरूप को बिगाडऩा है।

**वोटर लिस्ट में छेड़छाड़ और लोकतंत्र की हत्या का षड्यंत्र**

नेता प्रतिपक्ष ने वोटर लिस्ट में कथित धांधली पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा, भाजपा ने एसआईआर के जरिए वोटर लिस्ट में छेड़छाड़ कर कांग्रेस समर्थक मतदाताओं के नाम काटने का कुत्सित प्रयास किया है। हालांकि, कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सजगता ने इस षड्यंत्र को विफल कर दिया, लेकिन अब यह चिंताजनक है कि इस खेल में चुनाव आयोग भी शामिल नजर आ रहा है। जूली ने सवाल उठाया कि बिना किसी ठोस कारण के एसआईआर में आपत्ति दर्ज करने की तारीख क्यों बढ़ाई गई? यह भाजपा को बेईमानी का दूसरा मौका देने की साजिश प्रतीत होती है।

**मनरेगा और गांधी जी के नाम पर ओछी राजनीति**

जूली ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार गारंटी योजना 'मनरेगा' से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाने की कोशिश भाजपा की संकुचित मानसिकता का प्रमाण है। उन्होंने याद दिलाया कि सोनिया गांधी जी और यूपीए सरकार ने करोड़ों गरीबों को रोजगार का अधिकार दिया था, लेकिन भाजपा केवल नाम बदलकर और भगवान राम की आड़ लेकर अपना राजनीतिक स्वार्थ साध रही है।

**125 दिन का रोजगार: कांग्रेस की देन, भाजपा का झूठ**

भाजपा द्वारा 125 दिन के रोजगार के दावे की पोल खोलते हुए श्री जूली ने स्पष्ट किया कि राजस्थान में अशोक गहलोत सरकार ने इसे पहले ही लागू कर दिया था। भाजपा अब इसे अपनी उपलब्धि बताकर जनता को गुमराह कर रही है। साथ ही, 60 दिनों के ब्रेक का नियम लाकर मजदूरों को उनकी मेहनत की कमाई से वंचित करने की साजिश रची जा रही है।

**जनता को नाम नहीं, पानी चाहिए-ईआरसीपी पर घेरा**

मुख्यमंत्री के राम जल सेतु वाले बयान पर तंज कसते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा, भगवान राम सबके हैं, लेकिन भाजपा ने उन्हें अपनी राजनीति का औजार बना लिया है।

ईआरसीपी का नाम बदलना प्यासी जनता के साथ क्रूर मजाक है। उन्होंने कहा कि जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, तब भाजपा ने इस मुद्दे पर राजनीति की और आज तक प्रधानमंत्री मोदी ने इसे राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा नहीं दिया।

## नगर निगम कमिश्नर ने किया शहर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

### नाले के पटाव तोड़कर चलाया जाएगा सफ़ाई अभियान

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** शहर की नालियां भरी हुई हैं कीचड़ से इसकी शिकायत पर शुक्रवार को निगम कमिश्नर सोहनसिंह नरुका जी ने टीम को साथ लेकर किया निरीक्षण।

मजे की बात ये है कि लोगों ने नालों के पटाव पर पक्का निर्माण किया हुआ था जैसे सफाईकर्मी स्पाइडर मैन हैं जो पटाव के एक सिरे से दूसरे सिरे से सफाई करता हुआ निकल जाए। शहर के जागरूक लोगों का कहना है कि निगम की टीम बड़े-बड़े पत्तों को ध्वस्त करें ताकि अतिक्रमण भी हटे और पटवों के कारण हो रही गंदगी भी साफ हो साथ-साथ लोगों का अभिमान व छल भी साफ हो जो प्रयास ये करते हैं कि मेरा पटाव न टूटे बस पड़ोसी का टूट जाए ताकि साफ सफाई बनी रहे।आधे से ज्यादा परेशानी नाले पर अतिक्रमण के कारण हुई है खासकर स्थाई पटाव के कारण। इधर मीडिया से बात करते हुए नगर निगम कमिश्नर सोहन सिंह नरूका ने कहा कि ऐसी जगह को चिन्हित किया जा रहा है जहां लोगों ने नाले पर पटाओ डालकर अतिक्रमण किया हुआ है जिसके कारण नाले में कीचड़ भरी हुई रहती है जहां सफाई नहीं हो पाती ऐसी जगह को चिन्हित करके अतिक्रमण हटाकर कार्रवाई की जाएगी।

## नशा नाश की जड़ है,नशे से दूर रहने के लिए किया प्रेरित : शर्मा

बढ़ता राजस्थान




**बानसूर(धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र के उपखण्ड नारायणपुर के मानसरोवर जोहड़ में स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को श्रीकृष्णा शिक्षा एवं ग्रामीण विकास समिति द्वारा साप्ताहिक राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत नशा मुक्त अभियान का आयोजन किया गया। अध्यापिका प्रमिला चौधरी ने बताया कि युवाओं को नशे से दूर करना और हमारे आसपास के लोगों को भी नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करना इस अभियान का मुख्य लक्ष्य है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पिंकी मीणा ने कहा कि यदि बच्चे एवं महिलाएं जागरुक होकर नशा करने वाले लोगों को बार-बार टोके या उनको कहें तो निश्चित रूप से नशे की पृव्रती को कम करके इस अभियान को सफल बनाया जा सकता है। सचिव सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि नशा नाश की जड़ है। यह एक बुरी लत है जो धीमी गति से लगती है और तेज गति से विनाश कर देती है।उन्होंने नशे के लगातार प्रयोग से व्यक्ति के शरीर पर पडऩे वाले विभिन्न दुष्प्रभावों को विस्तार से समझाया। इसलिए हर शर्मा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को शपथ लेनी चाहिए कि नशा ना तो करेंगे ना करने देंगे और ना ही करने वाले का साथ देंगे। नशा मुक्त अभियान के अन्तर्गत विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों को नशा मुक्ति के लिए शपथ दिलवाई गई। इस मौके पर विद्यालय का स्टाफ एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

## एडीएम ने किया सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग कार्यालय एवं छात्रावास का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** एडीएम ओमप्रकाश सहारण ने शुक्रवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा बाल अधिकारिता विभाग के जिला कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय में उपस्थित कार्मिकों को समय पर कार्यालय आने तथा आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। एडीएम ने विभागीय योजनाओं की जानकारी लेते हुये उनकी प्रगति की समीक्षा की तथा योजनाओं के प्रभावी एवं बेहतरीन क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये। उन्होंने पालनहार योजना एवं पेंशन योजनाओं के शत-प्रतिशत वार्षिक सत्यापन कराने के निर्देश दिये, जिससे पात्र लाभार्थियों को समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जा सके। साथ ही घुमंतु एवं अर्धघुमंतु जातियों के लिये आयोजित किये जा रहे शिविरों की प्रगति रिपोर्ट प्रतिदिन भिजवाने के निर्देश भी दिये। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के जिला अधिकारी विपिन द्वारा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके पश्चात एडीएम ने राजकीय अंबेडकर छात्रावास का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रावास में अध्ययनरत विद्यार्थियों को बेहतर सुविधायें उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुये रसोई घर एवं शौचालय की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।

## जयपुर जिला माली सैनी समाज- 32वें सामूहिक विवाह समारोह का आगाज

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** जिला माली सैनी समाज द्वारा आयोजित 32वें सामूहिक विवाह समारोह की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। आगामी 23 जनवरी 2026, बसंत पंचमी के अबूझ सावे पर आयोजित होने वाले इस भव्य समारोह के लिए गुरुवार को प्रथम पूज्य श्री गणेश जी महाराज को विधिवत निमंत्रण दिया गया।पीले चावल के साथ प्रथम पूज्य को बुलावा संस्था कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में 9 दिन के पीले चावल किए गए। इसके पश्चात, संस्था अध्यक्ष रोशन सैनी के नेतृत्व में सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मोती डूंगरी स्थित श्री गणेश जी महाराज के मंदिर पहुंचकर भगवान को निमंत्रण पत्र अर्पित किया और समारोह के निर्विघ्न संपन्न होने की प्रार्थना की।आयोजन स्थल एवं विवरण संस्था अध्यक्ष रोशन सैनी ने बताया किःतिथिः 23 जनवरी 2026 (बसंत पंचमी) स्थानः महात्मा ज्योतिबा फुले बहुउद्देशीय भवन, 5ए संस्थान क्षेत्र, होम्योपैथिक यूनिवर्सिटी के पास, सायपुरा, सांगानेर विवरणः इस वर्ष कुल 29 जोड़े परिणय सूत्र में बंधकर अपने दाम्पत्य जीवन की शुरुआत करेंगे।इस अवसर पर मुख्य संरक्षक भागचंद सैनी टाकडा (विधायक, बांदीकुई),संस्था अध्यक्ष रोशन सैनी कार्यकारी अध्यक्ष बाबूलाल सैनी (रूक्च होटल),संयोजक छुट्टन लाल सैनी,मुहाना मंडी संयोजक,योगेश तंवर,महिला विंग जिला अध्यक्ष कमला सैनी,कृष्ण सैनी,छोगाराम सैनी, नेमी चंद सैनी (इमली वाला फाटक),भंवर सैनी, हनुमान सैनी, प्रेम सैनी, दुर्गालाल सैनी।महिला शक्ति की भागीदारीःकार्यक्रम में पूर्व पार्षद शीला सैनी, रेखा सैनी (ब्रह्मपुरी), रेखा सैनी (एडवोकेट) एवं विमला सैनी सहित कई महिला पदाधिकारियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

# कॉग्रेस कार्यकर्ताओं ने मतदाता सूची शुद्धीकरण प्रक्रिया में अनियमितताओं के विरोध में एसडीएम को सौपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**बहरोड़ (सुभाष यादव)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राजस्थान प्रदेश में वर्तमान में मतदाता सूची शुद्धीकरण की प्रक्रिया संचालित की जा रही है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 10 दिसंबर 2025 को किया गया था तथा दावा एवं आपत्ति दर्ज कराने की अंतिम तिथि 15 जनवरी 2026 निर्धारित की गई थी। इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया का उद्देश्य पात्र मतदाताओं के नाम जोडऩा एवं अपात्र नामों को हटाना है, ताकि निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित किए जा सकें। परंतु बहरोड़ विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे राजस्थान प्रदेश में इस प्रक्रिया के दौरान गंभीर, सुनियोजित एवं नियमविरुद्ध अनियमितताएं सामने आई हैं, जो सीधे-सीधे लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर करने वाली हैं। इन गंभीर मुद्दों को लेकर आज कांग्रेस प्रत्याशी बहरोड़ एवं सचिव राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी संजय यादव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने उपखंड अधिकारी, बहरोड़ रामकिशोर मीणा को ज्ञापन सौंपकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया।ज्ञापन में बताया गया कि इलेक्टोरल मैनुअल 2023 की धारा 11.3.2 (2) के अनुसार बल्क (एक साथ बड़ी संख्या में) आवेदन स्वीकार करना पूर्णतः प्रतिबंधित है। नियमानुसार प्रत्येक मतदाता को स्वयं आवेदन पत्र भरना, उस पर हस्ताक्षर करना तथा आवश्यक दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य है। इसके बावजूद कई क्षेत्रों में भाजपा से जुड़े कुछ राजनीतिक कार्यकर्ताओं द्वारा एक ही दिन में सैकड़ों की संख्या में फॉर्म-6, फॉर्म-7 एवं फॉर्म-8 बल्क में जमा किए गए, जिनमें फर्जी हस्ताक्षर, अपूर्ण जानकारी और नियमों की खुली अवहेलना सामने आई है।

**कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में प्रशासन के समक्ष निम्न प्रमुख मांगें रखी गईं**

- नियमविरुद्ध रूप से जमा किए गए सभी फॉर्म-6, फॉर्म-7 एवं फॉर्म-8 की संपूर्ण सूची सार्वजनिक की जाए।
- बल्क में जमा किए गए सभी आवेदनों को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए।
- फर्जी हस्ताक्षर एवं नियमों का उल्लंघन कर आवेदन करने वालों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।
- मतदाता सूची शुद्धीकरण की प्रक्रिया को पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भयमुक्त बनाया जाए, ताकि किसी भी पात्र मतदाता का नाम गलत तरीके से न हटाया जा सके।

इस अवसर पर संजय यादव ने कहा कि मतदाता सूची से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ लोकतंत्र पर सीधा प्रहार है। भाजपा द्वारा सुनियोजित तरीके से मतदाताओं के नाम हटाने-जोडऩे का प्रयास किया जा रहा है, जिसे कांग्रेस पार्टी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करेगी। कांग्रेस आम मतदाता के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए सडक़ से सदन तक संघर्ष करेगी और लोकतंत्र को कमजोर करने की हर साजिश को नाकाम करेगी। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष विकाश यादव, संगठन मंत्री जितेंद्र यादव, योगेश धोलिया, कपिल नासरपुर, मंजीत गोकुलपुर, राजसिंह जखराना, अमित योगी, सतपाल, कुलदीप, मुकेश, अनिल वकील, हरपाल, अवधेश, लाला शुक्ल, आशीष, देवेंद्र, अजयपाल, यशु, हंसा गुर्जर, अरुण, राजबीर, कमल, रतन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आर्मी डे परेड में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का सैन्य सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** 15 जनवरी को जयपुर में आयोजित आर्मी डे परेड के अवसर पर राजस्थान सरकार के शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंत्री मदन दिलावर को ऑपरेशन सिंधु का मेडल पहनाकर एवं ऑपरेशन सिंदूर की कैप पहनाकर सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, पूर्व थलसेना अध्यक्ष जनरल वी.के. सिंह तथा पूर्व सेना प्रमुख जनरल दलबीर सिंह सुहाग भी उपस्थित रहे। समारोह में सेना और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

सेना अध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर द्वारा राजस्थान में शिक्षा विभाग की भर्तियों में पूर्व सैनिकों को बीएसटीसी एवं एसटीसी के समकक्ष मान्यता देने के निर्णय की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस पहल से पूर्व सैनिकों को रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे और उनके अनुभव का लाभ शिक्षा व्यवस्था को भी मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान मंत्री मदन दिलावर ने सेना के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि देश की सुरक्षा में सैनिकों का योगदान अतुलनीय है और राज्य सरकार सदैव पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध रहेगी।

## एसडीपीआई के गुलाबपुरा नगर पालिका चुनाव के प्रत्याशियों पर हुई विस्तृत चर्चा



बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़/ गुलाबपुरा।** सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ़ इंडिया जिला अध्यक्ष का आज आसींद हुरडा विधानसभा की गुलाबपुरा शाखा का दौरा संपन्न हुआ । भीलवाड़ा जिला महासचिव आजाद जावेद ने बताया कि आने वाले पंचायत ओर नगर पालिका चुनाव की तैयारी को लेकर जरूरी रूपरेखा तैयार करने और ज्यादा से ज्यादा वार्ड में चुनाव लडने पर ओर प्रत्याशियों के चयन पर विस्तृत चर्चा की गई । जिला अध्यक्ष इकबाल मंसूरी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि गुलाबपुरा में सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया के कार्यकर्ताओं द्वारा चाहे कोराना के वक्त में जनता की मदद हो या अब चल रहे एसआईआर (स्ढ्क्र) प्रक्रिया एवं नए पहचान पत्र बनाने सहित हर तबके के लिए पार्टी के कार्यकर्ता लगातार जनता की मदद के लिए काम करते आ रहे हैं अलग अलग कैम्प लगाकर आम जनता से जुड़े मुद्दों पर कार्य करते आए हैं और आगे भी इसी तरह जनता के काम करते रहना है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष शाहिद पठान ने कहा कि जनता के मुद्दे को ओर मजबूती से उठाने ओर जनता के काम करवाने के लिए हमें ज्यादा से ज्यादा वार्ड में चुनाव लडक़र मजबूती के साथ पालिका में पहुंचना होगा ताकि आमजन के ज्यादा काम करवा सके इस दौरान आसींद हुरडा विधानसभा अध्यक्ष रज्जाक मंसूरी, सचिव इरफ़ान नीलगर ,कोषाध्यक्ष मो. फ़िरोज़,कार्यकारिणी सदस्य पूर्व अध्यक्ष रिजवान कुरैशी,असलम शेख, वसीम कुरैशी,मोइन कुरैशी, इस्लाम शाह,फरियाज़ नीलगर,रफ़ीक़ शाह,फ़िरोज़ कुरैशी,नइम कुरैशी,हमीद कुरैशी,कालू आदि मौजूद रहे ।

## तीन दिवसीय प्रधानमंत्री विश्वकर्मा प्रदर्शनी-सह-व्यापार मेला का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** कोटा दक्षिण विधायक श्री संदीप शर्मा ने शुक्रवार को नयापुरा स्थित ग्रामीण हाट परिसर में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजनान्तर्गत राज्य स्तरीय प्रदर्शनी सह व्यापार मेला-2026 का शुभारंभ किया। उद्घाटन कार्यक्रम में गणेश वंदना एवं सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुति भी हुई। इस अवसर पर संबोधित करते हुए कोटा दक्षिण विधायक ने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी हमारे शिल्पकारों एवं कारीगरों को एक मंच प्रदान करती है। जिसके माध्यम से उन्हें अपने उत्पादों की बिक्री के लिए मार्केट एवं आर्थिक रूप से मजबूत होने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से हस्त निर्मित उत्पादों को स्वदेशी मार्केट मिलेगा और बिक्री बढ़ेगी। प्रदर्शनी-सह-व्यापार मेला के उद्घाटन के बाद श्री संदीप शर्मा ने जिला कलक्टर श्री पीयूष समारिया के साथ वहां लगी विभिन्न स्टॉल पर कारीगरों एवं शिल्पकारों द्वारा हस्त निर्मित उत्पादों का भी अवलोकन किया। तीन दिवसीय प्रधानमंत्री विश्वकर्मा प्रदर्शनी-सह-व्यापार मेला में 18 प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत आने वाले 18 व्यवसायों के कारीगरों एवं शिल्पकारों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री होगी। मेला 18 जनवरी तक चलेगा।

## संभागीय आयुक्त ने किया स्कूल एवं पशु चिकित्सा उप केन्द्र का निरीक्षण

**पशु चिकित्सा उप केन्द्र पर ताले लगे होने को गंभीरता से लिया**

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** संभागीय आयुक्त श्री अनिल कुमार अग्रवाल ने शुक्रवार को पंचायत समिति सुल्तानपुर के भौंरा में राजकीय महात्मा गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केन्द्र एवं पशु चिकित्सा उप केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पशु चिकित्सा उप केन्द्र पर प्रातः 10:15 बजे ताले लगे हुए थे। संभागीय आयुक्त ने इसे गंभीरता से लेते हुए संयुक्त निदेशक पशुपालन को स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए। राजकीय महात्मा गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय भौंरा के निरीक्षण के दौरान उन्होंने हाजिरी रजिस्टर चेक किया। जिसमें दो कार्मिक अनुपस्थित एवं दो अवकाश पर पाए गए। पोषाहार रजिस्टर में नियमित एंट्री नहीं होने और शाला दर्पण पर विद्यार्थियों की संख्या नियमित रूप से अपलोड नहीं किए जाने पर उन्होंने प्रधानाचार्य को व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए।

# एक डिमांड, दो बार हाई टेंशन लाइन शिफ्ट

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी (नि.स.)।** विद्युत विभाग की लापरवाही सामने आई हैं। गुंदी गांव में पेट्रोल पंप के पास एक ही डिमांड राशि पर दो बार हाई टेंशन लाइन शिफ्ट किए जाने का मामला उजागर हुआ है, जिसने विभागीय कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार व्यवसायी जयप्रकाश अहीर द्वारा 20 मई 2025 को हाई टेंशन लाइन शिफ्टिंग हेतु ?1,56,779 की डिमांड राशि विद्युत विभाग में जमा कराई गई थी। इस राशि के बाद विभाग द्वारा एक टावर स्थापित कर पेट्रोल पंप को कनेक्शन दे दिया गया।



लेकिन 7 जनवरी 2026 को उसी लाइन का टावर दोबारा अन्य स्थान पर खड़ा किया गया, जबकि विद्युत नियमों के अनुसार हाई टेंशन लाइन में किसी भी प्रकार के परिवर्तन के लिए नई डिमांड, अधीक्षण अभियंता कार्यालय की लिखित अनुमति, स्वीकृत नक्शा और तकनीकी स्वीकृति अनिवार्य होती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना नई डिमांड और औपचारिक स्वीकृति के दोबारा टावर शिफ्ट करना वित्तीय अनियमितता की श्रेणी में आता है। इस दौरान फतेहपुर गुंदी से रावली गांव तक घंटों बिजली सप्लाई बाधित रही, जिससे ग्रामीणों, व्यापारियों और फैक्ट्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### इनका कहना

इस मामले में सहायक अभियंता ज्वालाकुमार वर्मा ने आरोपों को खारिज करते हुए बताया कि मई माह में जमा डिमांड पर कार्य कराया गया था, लेकिन ठेकेदार की गलती से टावर एक निजी प्लांट के सामने गलत स्थान पर लग गया था। बाद में उसी टावर को हटाकर निर्धारित साइट पर शिफ्ट कराया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि ठेकेदार की गलती के कारण कोई अतिरिक्त भुगतान नहीं किया गया और न ही विभाग की ओर से न तो अतिरिक्त सामग्री लगाई गई। पूरा कार्य ठेकेदार की जिम्मेदारी पर सुधारात्मक रूप से कराया गया।

**-शिव चरण जांगिड़ एसई ने बताया 33 केवी लाइन का किसी प्रकार का मेंटेनेंस या स्थानांतरण करने के पहले पूरी प्रक्रिया अपनाई जाना जरूरी है हम मामला दिखाते हैं।**

### अब भी सवाल बरकरार

हालांकि विभाग का पक्ष सामने आने के बाद भी कई सवाल अनुत्तरित हैं। क्या गलत जगह टावर लगाने से पहले साइट का निरीक्षण नहीं हुआ हाई टेंशन जैसे संवेदनशील कार्य में इतनी बड़ी चूक की जिम्मेदारी किसकी है। घंटों बिजली बाधित होने से हुए नुकसान की जवाबदेही कौन लेगा । यह मामला अब जांच और जवाबदेही की मांग कर रहा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि नियमों का उल्लंघन हुआ है तो जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदार पर कार्रवाई की जानी चाहिए।

**चाइनीज मांझा बना कोटा में मौत का कारण**

# दोषियों पर आपराधिक कार्रवाई की मांग



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** कोटा शहर में प्रतिबंधित और जानलेवा चाइनीज मांझा (नायलॉन/ग्लास कोटेड) का अवैध व्यापार थमने का नाम नहीं ले रहा है। खुलेआम दुकानों पर इसकी बिक्री से राहगीरों, दुपहिया वाहन चालकों, बच्चों तथा पशु-पक्षियों की जान लगातार खतरे में है। हाल के दिनों में चाइनीज मांझे से कई नागरिक गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इसी कड़ी में सात वर्षीय मासूम की गर्दन पर गंभीर चोट लगने से हुई मौत ने पूरे शहर को झकझोर दिया है। यह घटना साबित करती है कि यह मांझा अब केवल पतंग उड़ाने का साधन नहीं, बल्कि घातक हथियार बन चुका है।

हालांकि प्रशासन समय-समय पर अभियान चलाकर जब्ती की कार्रवाई करता है, लेकिन यह कार्रवाई प्रभावी नहीं हो पा रही। दोषी दुकानदारों और थोक विक्रेताओं पर आपराधिक प्रकरण दर्ज न होने से अवैध व्यापारियों के हौसले बुलंद हैं। कोटा नागरिक मंच के संयोजक बीटा स्वामी ने बताया कि इस गंभीर स्थिति को देखते हुए कोटा नागरिक मंच, सामाजिक संगठनों और अधिवक्ताओं ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर, कोटा शहर को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में मांग की गई है कि जिन दुकानदारों और थोक विक्रेताओं से चाइनीज मांझा जब्त हुआ है, उनके विरुद्ध जानलेवा सामग्री के अवैध विक्रय का आपराधिक मुकदमा दर्ज किया जाए। साथ ही नगर निगम और पुलिस को स्पष्ट निर्देश दिए जाएं कि केवल जुर्माना नहीं, बल्कि सख्त दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित हो। इस अवसर पर एजेडब्ल्यूएस की अध्यक्षा आरती जनार्दन, कोटा बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष एडवोकेट कैलाश बामनिया सहित जगदीश कुमार, पुरुषोत्तम सोनी, अनिल अनुरागी, अंसार इन्दोरी, दीपक गोरदा, कुंज बिहारी सिंघल, विपिन कश्यप और प्रवीण कालरा उपस्थित रहे। प्रशासन से अपील की गई कि वह इस जनहित के मुद्दे को प्राथमिकता देकर नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे और दोषियों को कानून के कठघरे में खड़ा करे।

**कोटा-बूंदी दुग्ध संघ की बोर्ड बैठक में 12 अहम निर्णय, दो नए संचालक नियुक्त**

# सरस जल ब्रांड नाम से जल संयंत्र की घोषणा



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** कोटा-बूंदी जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड की बोर्ड बैठक शुक्रवार को सरस सभागार में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन चैनसिंह राठौड़ ने की। प्रबंध निदेशक दिलखुश मीणा ने बताया कि बैठक में संघ की भौतिक एवं आर्थिक प्रगति की समीक्षा की गई तथा दुग्ध क्रय-विक्रय दरों की पुष्टि सहित कुल 12 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर निर्णय लिए गए।

चेयरमैन राठौड़ ने बताया कि शीघ्र ही कोटा की जनता को सरस जल ब्रांड नाम से शुद्ध एवं उच्च गुणवत्ता वाला पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा, जिसे अत्याधुनिक शुद्धिकरण संयंत्रों से तैयार किया जाएगा। बैठक में सर्वसम्मति से दो नए संचालक सदस्यों की नियुक्ति की गई। बूंदी पंचायत समिति से रोशन लाल जाट एवं सुल्तानपुर पंचायत समिति से रासबिहारी सैन को संचालक बनाया गया, जिससे संचालकों की संख्या 12 हो गई। साथ ही कोटा व बूंदी जिलों में 14 नई प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों को मान्यता प्रदान की गई।

## गौ शाला एवं सड़क पर लावारिस बैठी गायों को हरा चारा एवं गुड़ खिलाया



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** झालरबावडी चारभुजा में स्थित राम मंदिर परिसर गौशाला में कॉलोनीवासियों ने गौ सेवा की। प्राप्त जानकारी के अनुसार भाजपा महिला मोर्चा एवं जाट ब्लॉक महिला अध्यक्ष राजू चौधरी ने बताया कि शुक्रवार प्रातः 11 बजे गेट नंबर 4 से चारभुजा पेट्रोल पंप तक रोड बैठी लावारिस गायों को हरा चारा एवं गुड़ खिलाया गया साथ ही चारभुजा राम मंदिर में स्थित गौ शाला में 20 किलो गुड़ एवं हरा चारा गायों के लिए भेट किया गया।अध्यक्ष राजू चौधरी,मीनू प्रजापत, गितांजलि। गोर्तमा रंजना पुरोहित लीला धाखड़ योगेंद्र सिंह दहिया,मनीष गिरी, रिचा गुप्ता, आशीष गुप्ता की ओर से गौ शाला में सहयोग किया गया।

# 2 मिनिट सांस रोक निकाला पिन, एमबीएस अस्पताल में बालिका का हुआ सफल एंडोस्कोपिक उपचार

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** मेडिकल कॉलेज कोटा के एमबीएस अस्पताल के ईएनटी विभाग में शुक्रवार को एक जटिल एंडोस्कोपिक प्रक्रिया के जरिए 11 वर्षीय बालिका की श्वास नली (ट्रेकिया) में फंसी हिजाब पिन को सुरक्षित रूप से निकाल लिया गया। बालिका मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले की निवासी है, जिसे खांसी और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद परिजन इलाज के लिए लेकर पहुंचे थे। ईएनटी विभागाध्यक्ष डॉ. शिवकुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में बालिका की सांस नली में बाहरी वस्तु फंसी होने की आशंका हुई।



एक्स-रे जांच में लगभग एक इंच लंबी हिजाब पिन ट्रेकिया में स्पष्ट रूप से दिखाई दी। यह पिन पीछे की ओर प्लास्टिक के मोतीनुमा हिस्से वाली थी, जिससे श्वसन मार्ग में रुकावट और संक्रमण का खतरा बना हुआ था।

परिजनों के अनुसार, बालिका हिजाब पहनते समय एक पिन मुंह में दबाए हुए थी। श्वास लेते समय वही पिन अनायास ट्रेकिया में चली गई। श्योपुर में आवश्यक सुविधा नहीं होने के कारण उसे कोटा रेफर किया गया।

जल्दी ईलाज की जरूरत

डॉ. शिवकुमार ने बताया कि बालिका को सामान्य एनेस्थीसिया देकर श्वास अस्थायी रूप से नियंत्रित की गई और एंडोस्कोपी के माध्यम से दो मिनट से भी कम समय में पिन निकाल ली गई। डॉ ने बताया कि समय पर ओपरेशन नहीं होता तो गंभीर श्वसन अवरोध, संक्रमण या जान का खतरा हो सकता था।

## जिला कलक्टर ने किया ट्रेंचिंग ग्राउंड नांता का निरीक्षण

**बढ़ता राजस्थान** कोटा, (का.स.)। जिला कलक्टर श्री पीयूष समारिया ने शुक्रवार को नांता स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड जाकर वहां बन रहे आरडीएफ एवं कम्पोस्ट प्लांट तथा लीगेसी वेस्ट निस्तारण के कार्य का निरीक्षण किया। प्लांट की धीमी गति पर संवेदक फर्म को कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर एक ही मशीन से कार्य होता देख संवेदक को कम से कम तीन पुजलोना मशीन लगाने और तय समयावधि में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। दौरे में उनके साथ निगम आयुक्त ओम प्रकाश मेहरा व अधिशाषी अभियंता कुलदीप प्रेमी भी थे। उल्लेखनीय है कि इस प्लांट के निर्माण के कार्यादेश डीएलबी निदेशालय द्वारा वर्ष 2023 में जारी किए गए थे। प्लांट का कार्य सितम्बर 2025 में पूरा होना था लेकिन कार्य की गति धीमी होने के कारण समय पर पूरा नहीं हुआ और डीएलबी निदेशालय द्वारा इसकी अवधि बढ़ाकर 31 मार्च 2026 की गई है। संवेदक फर्म को मार्च 2026 तक आरडीएफ एवं कम्पोस्ट प्लांट का कार्य पूरा करना है।

# ब्राहम्णी बैराज के निर्माण कार्य के संबंध में बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** रावतभाटा की अध्यक्षता में दिनांक 16.01.2026 को उपखण्ड कार्यालय रावतभाटा के सभागार में ग्राम श्रीपुरा के पास ब्राहम्णी नदी पर प्रस्तावित ब्राहम्णी बैराज के निर्माण कार्य के संबंध में बैठक आयोजित की गई। उक्त परियोजना के डूब क्षेत्र में आने से विभिन्न विभागों की परिसम्पत्तियाँ प्रभावित हो रही है, जिनमे सार्वजनिक निर्माण विभाग की सडकें, जन स्वास्थ्य अभियांत्रकी विभाग की पेयजल पाईप लाईनें, पावर ग्रिड की 220 के.वी. एवं 33 के.वी./11 के.वी. लाईने सम्मिलित है। डूब क्षेत्र में आने वाली इन परिसंपतियों के अन्यत्र शिफ्ट किए जाने के उद्देश्य से यह बैठक आयोजित की गई। बैठक में महाप्रबंधक, सब पी.आई.यू. ब्राहम्णी आर डब्ल्यूजीसीएल, कोटा, अधिशाषी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, बेगूं, अधिशाषी अभियंता, जन स्वा0अभि0विभाग, परियोजना खण्ड बेगूं, महाप्रबंधक, पावर ग्रिड, कोटा, सहायक अभियंता, ए.वि.वि.एन.एल., रावतभाटा व नायब तहसीलदार जावदा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में निम्न बिंदुओं पर चर्चा उपरांत आवश्यक निर्णय लिए गएः-



1. पॉवर ग्रिड को निर्देशित किया गया कि वे आगामी 15 दिवस में सर्वे पूर्ण कर अनुमानित लागत तैयार कर प्रस्तुत करें।

2. सार्वजनिक निर्माण विभाग को निर्देश दिए गए कि वे सडक़ का अलाइनमेंट दिनांक 31.01.2026 तक पूर्ण करे तथा अनुमानित लागत दिनांक 15.02.2026 तक तैयार कर भिजवाएं।

3. जन स्वा0अभि0विभाग, परियोजना खण्ड बेगूं को निर्देश दिए गए कि वे सार्वजनिक निर्माण विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए सर्वे कर अनुमानित लागत दिनांक 15.02.2026 तक प्रस्तुत करें।

4. विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि वे आगामी 15 दिवस में सर्वे कार्य पूर्ण कराकर अनुमानित लागत के प्रस्ताव भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया।

5.धारा-4 की कार्यवाही पूर्ण होने के पश्चात (सामाजिक प्रभाव आंकलन) की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी, ताकि प्रभावित क्षेत्र के नागरिकों की सामाजिक, आर्थिक एवं आजीविका से संबंधित स्थितियों का समुचित अध्ययन किया जा सके। इस प्रक्रिया के अन्तर्गत संबंधित विभागों द्वारा स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, सुझावों एवं अपेक्षाओं को सुना जाएगा तथा उन्हे यथासंभव प्रक्रिया की जानकारी प्रदान की जाएगी।

6. महाप्रबधंक, सब पी.आई. सू. ब्राहम्णी आरडब्ल्यूजीसीएल को जनसुनवाई के दौरान खसरा मैप प्रस्तुत किये जाने के निर्देश प्रदान किए गए।

# बिजली संबंधी समस्याओं के समाधान को लेकर डिस्कॉम का शिविर

## शिविर में 110 उपभोक्ताओं के बिजली बिल में हुआ संशोधन, साढ़े आठ लाख का राजस्व जमा

## नए कनेक्शन को लेकर भी जमा हुई फाइल, सोलर कनेक्शन के लिए किया प्रेरित



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** जयपुर विद्युत वितरण निगम द्वारा उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के साथ बकाया राशि की वसूली को लेकर बाड़ी डिवीजन के बाड़ी,सैपऊ और बसेड़ी क्षेत्र के सभी 33/11 केवी फीडर पर एक दिवसीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में उपभोक्ताओं के बिजली संबंधी बिल संशोधन के साथ नए कनेक्शन के आवेदन जमा कराए जा रहे हैं। साथ में सोलर कनेक्शन को लेकर भी जागरूक और प्रेरित किया जा रहा है। ऐसे में उक्त अभियान के तहत शुक्रवार को उपखंड के रामसागर, महाराजपुर 33/11 केवी जीएसएस पर एईएन आरडी मीणा के नेतृत्व में शिविर का आयोजन किया गया।

कनिष्क अभियंता ग्रामीण कुलदीप शर्मा ने बताया कि महाराजपुर,रामसागर 33 केवी जीएसएस फीडर पर लगाए गए एज दिवसीय शिविर में 270 से अधिक ग्रामीण उपभोक्ताओं ने भाग लिया। 110 उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में संशोधन किया गया। मौके पर ही 52 उपभोक्ता जिन पर साढे आठ लाख रुपए का बिल बकाया था। उसे जमा किया गया है। ग्रामीण क्षेत्र में नए कनेक्शन लेने को लेकर 10 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। सभी उपभोक्ताओं को सोलर एनर्जी की जानकारी देते हुए सोलर कनेक्शन लेने के लिए प्रेरित किया है।

शिविर के दौरान एईएन आरडी मीणा ने ग्रामीण क्षेत्र के सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने बकाया राशि को जल्द से जल्द जमा कराए,किसी भी प्रकार से बिजली चोरी ना करें,वैध कनेक्शन लेकर ही बिजली का निर्बाध रूप से उपयोग करें,अन्यथा सभी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# एसआईआर प्रक्रिया में फर्जी आपत्ति कर्ताओं के खिलाफकार्यवाही करने हेतु सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया में बिना किसी तथ्यों के आधार पर बड़ी संख्या में एक षड्यंत्र के तहत असली मतदाताओं के नामों पर आपत्ति आवेदन (फॉर्म नंबर 07) जमा कर्ताओं की जांच किए जाने के हेतु ज्ञापन श्री मान अतिरिक्त जिला कलेक्टर को कार्यालय में समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर अध्यक्ष डा0 दयाचंद पचौरी की अध्यक्षता में ज्ञापन सौंपा गया । शहर अध्यक्ष डॉक्टर दयाचंद पचौरी ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि किस प्रकार एक नेटवर्क अवैध तरीके से 50 से भी अधिक आपत्ति लगा रहे है जबकि एक व्यक्ति को 10 से अधिक आपत्ति लगाना नियम के विरुद्ध है, साथ ही राजस्थान भर में हजारों आपत्ति फर्जी पाई जा रही है इनकी जांच की जाए तथा त्वरित कार्यवाही की जाए । जिसमें समस्त कांग्रेस जन और पीड़ित परिवार मौजूद रहे अवधेश शर्मा, इंजीनियर जीवनलाल, संजय चंदेल, अशोक ताम्बी, महासचिव नदीम मलिक, अमित गौरावर, एके भटनागर, शाहिद खान, चंद्रकांत शर्मा, अभिषेक चांदवारी डॉक्टर निरंजन सिंह, महेंद्र कोहली एडवोकेट अभिषेक जैन, वीरेंद्र नागर, दिनेश सोगरवाल, हेमेंद्र अंगिरा एडवोकेट, विवेक चंदेला, लक्ष्मी नारायण सैन, देवांश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# विभिन्न गौशालाओं में पशुओं को लापसी व चारा वितरण

**उदयपुर ( नि.स. )।** गुरु कमल चंद्र रोशन व विद्यार्थी कल्याण संस्थान का लपसी वितरण कार्यिक्रम के दूसरे दिन आज उदयपुर की महाकालेश्वर गौशाला, पशुपतिनाथ गौशाला, अपना घर गौशाला, परशुराम चैराहा अशोकनगर गौशाला, आशाधाम गौशालाओ में महाप्रभु प्रसाद वितरित किया गया। इस वितरण महोत्सव में संजय जैन स्वीटी जैन वीरेंद्र जैन कमलेश जैन बलवंत चैधरी सुशील जैन सुरेश जी वैष्णव सांवरिया मित्र मंडल आदि गौ भक्तों ने को सेवा का आनंद लिया।

# दंगल हमारी विरासत का अभिन्न अंग, इसे सहेजना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी- जवाहर सिंह बेढम

## बृज नगर के गांव खखावली में किया गया विराट कुश्ती दंगल का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**डीग ( नि.स. )।** कुश्ती केवल शारीरिक प्रदर्शन का नाम नहीं, बल्कि यह अनुशासन, धैर्य और चरित्र निर्माण की एक महत्वपूर्ण पद्धति है। यह विचार प्रदेश के गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने डीग जिले के बृजनगर विधानसभा क्षेत्र के गाँव खखावली में आयोजित ऐतिहासिक विशाल कुश्ती दंगल समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए मंत्री बेढ़म ने अखाड़े में पहुंचकर पहलवानों का परिचय लिया और हाथ मिलवाकर विधिवत रूप से दंगल का शुभारंभ किया।विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए गृहराज्य मंत्री बेढम ने कहा कि आधुनिकता के दौर में भी हमारे गांवों ने कुश्ती जैसी प्राचीन परंपरा को जीवित रखा है, यह अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि खखावली का यह दंगल हमारी सनातन संस्कृति और ग्रामीण जीवन की जीवंतता का प्रमाण है। जब एक युवा खेल के मैदान में उतरता है, तो वह केवल खेलता नहीं, बल्कि अपनी मिट्टी का मान बढ़ाता है।

मंत्री बेढम ने आयोजक समिति की प्रशंसा करते हुए कहा कि दंगल जैसे आयोजन समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर लाने और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का कार्य करते हैं। खेल की भावना आपसी भाईचारे को बढ़ाती है। इस अवसर पर मंत्री बेढम ने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए खेल संसाधनों के विस्तार हेतु निरंतर प्रयासरत है, ताकि हमारे ग्रामीण युवा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता सतवीर कसाना ने कहा कि दंगल केवल ताकत की परीक्षा नहीं, बल्कि यह हमारी ग्रामीण संस्कृति, अनुशासन और युवा चरित्र निर्माण की जीवंत पाठशाला है।उन्होंने कहा कि अखाड़ों से निकलने वाले युवा न केवल अपने गांव और जिले का नाम रोशन करते हैं, बल्कि समाज को नशामुक्त, अनुशासित और सशक्त बनाने की दिशा में प्रेरणा देते हैं। कसाना ने युवाओं से आह्वान किया कि वे मोबाइल और नशे से दूरी बनाकर खेलों की ओर बढ़ें, क्योंकि कुश्ती जैसे पारंपरिक खेल आत्मविश्वास, संयम और नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर सतवीर कसाना ने दंगल आयोजन समिति को अंतिम कुश्ती एवं आयोजन हेतु 2 लाख 51 हजार रुपये की राशि प्रदान कर पहलवानों का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहलवान, जनप्रतिनिधि और ग्रामीण दर्शक उपस्थित रहे।

# ठंड से करें बचाव, घर से बाहर निकलते समय बरते सावधानी-गौरव कपूर'

## किसी भी आपातस्थिति में तुरंत स्वास्थ्य केंद्र पर करें संपर्क

बढ़ता राजस्थान




**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गौरव कपूर ने वर्तमान में चल रहे तेज ठंड के दौर को देखते हुए आमजन को बचाव और सावधानी बरतने का आह्वान किया है। सीएमएचओ ने बताया कि ठंड से प्रभावित रोगियों के लक्षण में शरीर का ठण्डा पड़ जाना, शरीर का सुन्न पड़ना, नाड़ी का धीमा व मन्द पड़ जाना, रोये खड़े हो जाना व श्वसन तेज चलना आदि होते है। रोगी द्वारा समय पर उपचार नहीं लेने पर होगी की मृत्यु भी हो सकती है। उन्होंने विभाग के सभी चिकित्सा स्टॉफ को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भरतपुर डॉ0 गौरव कपूर ने बताया कि सर्दी में ख्याल रखने के लिए गर्म कपड़े पहनें, पौष्टिक भोजन खाएं, खूब पानी पिएं, विटामिन डी के लिए धूप लें, नियमित व्यायाम करें और अच्छी नींद लें, हाथ धोकर स्वच्छता बनाए रखें, त्वचा को मॉइस्चराइज करें, और बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें ताकि जुकाम, फ्लू और अन्य बीमारियों से बचा जा सके। अपने नजदीकी अस्पताल आपके स्वास्थ्य की देखभाल के लिए हर समय तत्पर है। किसी भी आपात स्थिति में तुरंत अपने नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।

### स्वास्थ्य और खानपान का रखें ध्यान

उन्होंने बताया कि सर्दियों में गर्म और पौष्टिक आहार, दालें, साबुत अनाजए मौसमी फल और सब्जियां खाएं, शरीर को अंदर से गर्म रखने के लिए अदरक, हल्दी और सोंठ का सेवन करें। हाइड्रेटेड रहें, प्यास कम लगने पर भी पर्याप्त पानी, गुनगुना पानी, या हर्बल चाय पिएं। शहद और नींबू मिलाकर पानी पीना फायदेमंद होता है। विटामिन डी सुबह की धूप लें, यह रोग प्रतिरोधक क्षमता और मूड के लिए जरूरी है।

### 'पहनावा और स्वच्छता को अपनाएं'

गर्म कपड़े, ऊनी कपड़े पहनें और सिर, गर्दन, हाथ, पैर को ढक कर रखें खासकर बच्चों और बुजुर्गों को। बार-बार हाथ धोएं और खांसते-छींकते समय मुंह ढकें ताकि संक्रमण न फैले। त्वचा की देखभाल त्वचा को सूखने से बचाने के लिए मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करें। 'जीवनशैली में करें

### 'बुजुर्ग एवं बच्चों का रखें विशेष ध्यान'

सीएमएचओ ने बताया कि सर्दी में बुजुर्गों और बच्चों का विशेष ख्याल रखें क्योंकि बच्चों एवं बुजुर्गों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है इसलिए इनको सर्दी से बचाने के लिए विशेष सतर्कता बरतनी होती है। इसी प्रकार छोटे बच्चों के लिए गर्म और सूखे कपड़े कई परतों में कपड़े पहनाएं, गीले कपड़े तुरंत बदलें, सिर से गर्मी कम निकलने के कारण टोपी जरूर पहनाएं।

# युवा अग्रवाल महासभा द्वारा मकर संक्रांति पर असहाय एवं घुमंतू लोगों को रजाई वितरण



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** युवा अग्रवाल महासभा द्वारा मकर संक्रांति के पावन अवसर पर असहाय एवं घुमंतू महिलाओं-पुरुषों को रजाई वितरण का सेवा कार्य नई मंडी स्थित महासभा कार्यालय पर किया गया। यह कार्यक्रम महासभा के अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंघल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंघल ने बताया कि वे विगत 25-30 वर्षों से मकर संक्रांति के पुण्य अवसर पर इन घुमंतू एवं बेसहारा लोगों को कंबल, रजाई, दरी एवं चटाई आदि का वितरण करते आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहले इनकी संख्या काफी अधिक हुआ करती थी, लेकिन वर्तमान में इनकी संख्या में कमी आई है। ये लोग शालिग्राम मंदिर के पीछे स्थित सरोवर के किनारे झोपड़पट्टी बनाकर जीवन यापन करते हैं तथा इनके पास स्थायी आवास की कोई व्यवस्था नहीं है। उन्होंने बताया कि युवा अग्रवाल महासभा द्वारा यह सेवा कार्य विगत दो वर्षों से नियमित रूप से किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुँचाना है। इस सेवा कार्य में महासभा के कोषाध्यक्ष राकेश मित्तल, उपाध्यक्ष रवि गोयल, प्रमोद अग्रवाल, आशीष गुप्ता, मिलन अग्रवाल, मनोज सिंघल, अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंघल के पिता बाबूलाल अग्रवाल एवं सर्व समाज के साथी धर्मवीर सिंह सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में महासभा द्वारा भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया गया।

# बृजनगर को आदर्श और विकसित नगरी के रूप में स्थापित करना ही मेरा संकल्प- जवाहर सिंह बेढ़म

## डीग जिले के बृज नगर कस्बे के सौंदर्य करण के लिए तीनों प्रवेश मार्गो पर स्वागत द्वारों के निर्माण की रखी आधार शिला

बढ़ता राजस्थान



**डीग ( नि.स. )।** बृजनगर को एक आदर्श और विकसित नगरी के रूप में स्थापित करना ही मेरा संकल्प है। हमारी परंपराएं हमारी असली धरोहर हैं और विकास के साथ उनका संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है यह बात शुक्रवार को प्रदेश के गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने बृजनगर कस्बे में तीन प्रवेश मार्गों में बनने वाले स्वागत द्वारो की आधार शिला रखते हुए कही। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य आस्था और अवसंरचना को साथ लेकर चलते हुए जनहित में स्थायी विकास सुनिश्चित करना है।

बेढम ने विधिवत पूजा अर्चना के साथ नगर पालिका क्षेत्र में शहरी सौंदर्यीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शहर के तीन प्रमुख प्रवेश मार्गों—अलवर रोड, डीग रोड और खेरली रोड—पर बनने वाले तीन भव्य स्वागत द्वारों की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि ये द्वार बृजनगर की पहचान बनेंगे और आगंतुकों को शहर की सांस्कृतिक और विकासशील छवि से परिचित कराएंगे। इसके साथ ही नगर पालिका द्वारा निर्मित नवनिर्मित चारदीवारी का विधिवत लोकार्पण कर उसे जनता को समर्पित किया गया। मंत्री बेढ़म ने इससे पूर्व आदिबद्री धाम में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की और लक्ष्मण झूला पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में संतों का आशीर्वाद लिया। कार्यक्रमों में नगर पालिका के प्रशासक, अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# कांग्रेस का एसडीएम ऑफिस पर विरोध प्रदर्शन, वोटर लिस्ट से नाम हटाने का विरोध

## मामले की जांच की मांग के साथ कांग्रेसियो ने मांगी फार्म संख्या 6, 7 और 8 की संकलन सूची

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** ब्लॉक कांग्रेस पार्टी द्वारा शुक्रवार को शहर के एसडीएम कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करते हुए मतदाता सूचियां में आपत्ति लगाकर नाम हटाए जाने और प्रस्तुत किए गए आवेदन पत्र पर व्यक्ति विशेष के फर्जी होने के मामले में एसडीएम से तुरंत मामले की जांच के साथ फार्म संख्या 6,7 और 8 की संकलित सूची उपलब्ध कराए जाने की मांग करते हुए ज्ञापन दिया है।

कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष रामेंद्र मीणा के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में आरोप लगाया है कि पार्टी विशेष के लोगों द्वारा कांग्रेस विचारधारा के लोगों के साथ यह घिनौना कृत किया जा रहा है। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चल रहे इस एसआईआर के कार्य के दौरान हालांकि 12 दिसंबर को मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन हो गया है। वर्तमान में दाबे और आपत्तियों का दौर चल रहा था। जो 15 जनवरी को खत्म हुआ है। एक ही दिन में एक पार्टी विशेष के लोगों ने गोपनीय तरीके से षड्यंत्र करते हुए राजनीतिक दलों के बल्क में सैकड़ो से लेकर हजारों की संख्या में फॉर्म नंबर 7 और फॉर्म नंबर 6 प्रस्तुत कर दिए। जिनके आधार पर नाम को हटाया जा रहा है।

यह मामला संज्ञान में आने के बाद कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा द्वारा पूरे प्रदेश में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी के तहत आज कांग्रेस पार्टी द्वारा यह विरोध प्रदर्शन किया है और उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष रूप से जांच करें साथ में निर्वाचन कार्यालय में जो फार्म जमा हुए हैं उनमें फार्म संख्या 6,7 और 8 की संकलन सूची कांग्रेस पार्टी को उपलब्ध कराई जाए।

इस दौरान पार्टी की जिला महिला सचिव रोशनी शिवहरे, नगर अध्यक्ष सैफ सईद खान,पूर्व पार्षद हरिसिंह पहाड़िया, कृपाल कुशवाहा, महादेव मीणा,मनीष मंगल, एलएस यादव, मोहम्मद शकील, अनिल अरेला,केशव मीना,धर्मेंद्र कुमार, राकेश अजहर,सोनू दिवाकर,नासिर खान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# भारत में 3.5 करोड़ लोग अस्थमा की समस्या से प्रभावित

## वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. कप्तान सिंह ने दी विशेष जानकारी

बढ़ता राजस्थान



भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)। अस्थमा में इंफ्लेमेशन के कारण फेफड़ों की सांस लेने की नली प्रभावित होती है। इसके कारण सांस लेना मुश्किल हो जाता है और कई बार रोज के सामान्य कामकाज में भी मुश्किल होने लगती है।

भारत में करीब 3.5 करोड़ लोग इस समस्या से प्रभावित हैं, और इसमें बच्चे से लेकर बड़े तक शामिल हैं। वैश्विक स्तर पर भारत अस्थमा के 13: मामलों का हिस्सा है, और यहां मौत की दर भी ज्यादा है। अस्थमा कोई नई बीमारी नहीं है, लेकिन इसे समझना और मैनेज करना बहुत जरूरी है। कई बार लोग इसे सामान्य सर्दी-खांसी समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, जो गलत है। अगर समय पर ध्यान दिया जाए तो अस्थमा को कंट्रोल में रखा जा सकता है और सामान्य जीवन जिया जा सकता है। उक्त जानकारी पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. कप्तान सिंह ने काली बगीची स्थित अपने आवास पर इस पत्रकार को दी।

**अस्थमा के लक्षण कैसे पहचानें? किन चीजों के लिए सतर्क रहें और ट्रिगर्स क्या हैं? अगर अस्थमा है तो क्या करें? अस्थमा क्या है?**

डा0 कप्तान सिंह ने बताया कि अस्थमा फेफड़ों की एक क्रॉनिक डिजीज है। इसमें फेफड़ों के एयरवेज में यानी सांल लेने की नलियों में सूजन आ जाती है। कुछ ट्रिगर्स की वजह से ये नलियां सिकुड़ जाती हैं, उनमें बलगम भर जाता है और सांस लेना कठिन हो जाता है। इससे व्यक्ति को सांस लेने में तकलीफ खांसी या सीटी जैसी आवाज आने लगती है।

**अस्थमा है या नहीं, कैसे पहचानें?**

डा0 कप्तान सिंह ने बताया कि अस्थमा के लक्षण हर व्यक्ति में अलग-अलग हो सकते हैं। कुछ लोगों में हमेशा रहते हैं, तो कुछ में सिर्फ अटैक के समय। मुख्य लक्षण सांस की तकलीफ सीने में जकड़न, खांसी (रात या सुबह ज्यादा) और सांस लेते समय सीटी जैसी आवाज आती है। अगर ये लक्षण बार-बार आते हैं, खासकर ठंडी हवा, व्यायाम या धूल से, तो डॉक्टर से जांच करवाएं। अस्थमा नहीं होने पर भी ये लक्षण सर्दी या अन्य समस्या से हो सकते हैं, लेकिन नजरअंदाज न करें।

**किन चीजों से सतर्क रहें?**

डा0 कप्तान सिंह ने बताया कि अस्थमा ट्रिगर्स हर व्यक्ति के लिए अलग होते हैं, लेकिन भारत में आम ट्रिगर्स प्रदूषण, धूल, पॉलन, पालतू जानवरों की रूसी, मोल्ड, ठंडी हवा, व्यायाम, स्ट्रेस और धुआं हैं। स्मोकिंग या सेकंडहैंड स्मोक से बचें। मौसम बदलने पर, जैसे ठंड या नमी में, सतर्क रहें। अगर आप शहर में रहते हैं जहां प्रदूषण ज्यादा है, तो मास्क पहनें। ट्रिगर्स को नोटिस करने के लिए डायरी रखें- कब लक्षण आए, क्या खाया या कहां गए। पीक फ्लो मीटर से घर पर फेफड़ों की जांच करें, जो सांस की स्पीड मापता है।

**अगर अस्थमा है तो क्या करें?**

डा0 कप्तान सिं ने बताया कि अस्थमा का इलाज संभव नहीं है, लेकिन इसे कंट्रोल किया जा सकता है। सबसे पहले ट्रिगर्स से बचें। डॉक्टर से अस्थमा एक्शन प्लान बनवाएं, जो बताएगा कि दवाएं कब लें और इमरजेंसी में क्या करें। दवाएं मुख्य रूप से इनहेलर हैं- मेंटेनेंस इनहेलर सूजन कम करता है, रेस्क्यू इनहेलर अटैक में तुरंत राहत देता है। अगर एलर्जिक अस्थमा है तो एंटीहिस्टामाइन लें। गंभीर मामलों में बायोलॉजिकल थेरेपी या ब्रॉन्कियल थर्मोप्लास्टी। स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं- व्यायाम करें लेकिन डॉक्टर की सलाह से, धूम्रपान छोड़ें, स्वस्थ खाना खाएं और तनाव कम करें। नियमित जांच करवाएं।

# विद्यार्थी परिषद ने युवा पखवाड़े के तहत किया वृक्षारोपण

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई बाड़ी के द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में चल रहे युवा पखवाड़े के कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज शहर के राजकीय महाविद्यालय में युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामीविवेकानंद को स्मरण कर ब्रक्षारोपण किया गया, जिसमे जिला प्रमुख डॉ पीएस तिवारी और भाग संयोजक रघुराज सिंह का प्रवास रहा, जिसमे जिला प्रमुख पीएस तिवारी ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने युवाओं को प्रकृति, समाज और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व का संदेश दिया। पर्यावरण संरक्षण उनके उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मत के संदेश को साकार करने का सशक्त माध्यम है। भाग संयोजक रघुराज सिंह परमार ने बताया की वृक्षारोपण केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए निरंतर प्रयास है।

## पहचान से अधिकार तक-मुस्लिम नौजवान समिति की मेहनत से सैकड़ों परिवारों को मिला जन्म प्रमाण पत्र

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर मुस्लिम नौजवान समिति जिला ब्यावर द्वारा दस्तावेज रखे तैयार मिशन के अंतर्गत दिनांक 8, 9 एवं 10 अगस्त 2025 को आयोजित एसआईआर संबंधित जन्म प्रमाण पत्र शिविर के आवेदकों को शुक्रवार को केशरी नंदन गार्डन में प्रमाण पत्र वितरण किया गया। यह कार्यक्रम उन परिवारों के लिए राहत और सम्मान का क्षण बना, जो वर्षों से इस मूलभूत दस्तावेज से वंचित थे समिति अध्यक्ष मोहम्मद साजिद ने बताया कि शिविर के दौरान ब्यावर क्षेत्र से लगभग 800 लोगों के जन्म प्रमाण पत्र से संबंधित दस्तावेज प्राप्त किए गए थे। समिति की चार माह की सतत मेहनत और समर्पण के बाद सभी के जन्म प्रमाण पत्र तैयार कराए गए, जिनमें से शुक्रवार को लगभग 200 लोगों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जनाब सैयद मुहम्मद इरफान साहब (शहर काजी, जामा मस्जिद ब्यावर), दमयंती जयपाल (सहायक प्रशासनिक अधिकारी, नगर परिषद ब्यावर), सलीम काठात (प्रधानाध्यापक, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, मुंडोती), बाबू खान मंसूरी (इतिहास व्याख्याता, पटेल स्कूल), हेमराज, चन्द्रप्रकाश एवं अजीत सिंह (कम्प्यूटर ऑपरेटर, नगर परिषद ब्यावर) उपस्थित रहे।

## बाल विवाह मुक्त अभियानः जागरूकता गतिविधि आयोजित, छात्राओं को दिलाई शपथ



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** सरकार द्वारा संचालित 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत बाल अधिकारिता विभाग एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के निर्देशन में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, सुवाना में बाल विवाह की रोकथाम हेतु जागरूकता गतिविधि आयोजित की गई। कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह को सामाजिक अभिशाप बताते हुए इसे समाप्त करने के लिए सामूहिक जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया गया।

गतिविधि में बच्चों के साथ रोचक खेलों के माध्यम से बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की जानकारी दी गई तथा बाल विवाह रोकथाम के लिए शपथ दिलाई गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि बाल विवाह की किसी भी सूचना के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर संपर्क किया जा सकता है, जहां सूचना देने वाले की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाती है। कार्यक्रम में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के परियोजना समन्वयक हेमंत सिंह सिसोदिया एवं सुपरवाइजर राधेश्याम गुर्जर ने बच्चों को बाल अधिकारों एवं सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या सरोज लड़ा, अध्यापिका शशिकला एवं अध्यापक चेतन जी उपस्थित रहे।

## बजरंग दल भीलवाड़ा महानगर का कबड्डी महोत्सव कल से

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** जब खेलेगा भारत, तभी तो बढ़ेगा भारत के संकल्प के साथ बजरंग दल द्वारा अखिल भारतीय योजनानुसार युवा दिवस 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जयंती से 23 जनवरी सुभाष चंद्र बोस जयंती तक देशभर में विविध खेलकूद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बजरंग दल भीलवाड़ा महानगर की ओर से कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 17 एवं 18 जनवरी शनिवार और रविवार को किया जाएगा। महानगर संयोजक मुकेश प्रजापत ने बताया कि प्रतियोगिता प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से रात्रि 9 बजे तक चित्रकूट धाम बास्केटबॉल स्टेडियम में आयोजित होगी। वहीं विश्व हिंदू परिषद महानगर प्रचार-प्रसार प्रमुख विराट सोनी ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता में महानगर के सातों प्रखंडों की कुल 20 टीमें उत्साहपूर्वक भाग लेंगी। आयोजकों के अनुसार इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना, शारीरिक सुदृढ़ता, टीमवर्क तथा राष्ट्रभाव का विकास करना है। कबड्डी प्रतियोगिता में विजेता टीम को हनुमान जी की गदा भेंट की जाएगी। बजरंग दल युवाओं को सकारात्मक दिशा देने एवं राष्ट्रनिर्माण में सहभागी बनाने के लिए निरंतर विविध गतिविधियों का आयोजन करता रहा है। आयोजन समिति ने सभी खेल प्रेमियों एवं समाजबंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

## प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत पोषण किट वितरण

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (नि.स.)।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिले में एक सराहनीय पहल करते हुए 100 टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित कीं। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. कुलदीप मीणा की



उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में बताया गया कि टीबी के सफल उपचार के लिए दवाओं के साथ-साथ संतुलित आहार और सामाजिक समर्थन बेहद जरूरी है। डॉ. मीणा ने कहा कि टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को पाने के लिए कॉर्पोरेट जगत की ऐसी सहभागिता महत्वपूर्ण है।इस अवसर पर एडब्ल्यूएल की ओर से प्रदीप और आशीष के विशेष प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया गया। मरीजों ने भी इस मदद के लिए खुशी जाहिर की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से यह सदस्य मौजूद रहे प्रदीप सिंह, आशीष व्यास, विनीत सिंह, इमरान, चन्द्रकान्त पारिदा, हेमन्त मोहन्ती, गोविन्द गोपाल शर्मा एवं हरिष प्रसाद, धीरेन्द्र सिंह आसावत ,जिला समन्वयक शैलेन्द्र भारद्वाज , विशाल शर्मा, नरेश गौतम और संजय खान सहित कई लोग मौजूद रहे।

## विद्यालय कार्मिको के द्वारा स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (नि.स.)।** झालावाड़ जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुनारी में विद्यालय कार्मिको के द्वारा स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे 120 विद्यार्थियों को स्वेटर वितरण किए गए।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र जैन एवं विशिष्ठ अतिथि व्याख्याता ओमप्रकाश शर्मा एसएमसी अध्यक्ष कालू सिंह , सदस्य मदन सिंह, सुरेश सिंह भारत सिंह उप सरंपच विक्रम सिंह मौजूद रहे।

# नैनवा गोण मंडी का नक्शा हुआ स्वीकृत,करीब अढ़ाई करोड़ के होंगे निर्माण,समतलीकरण का कार्य से शीघ्र ही होगा शुरू

बढ़ता राजस्थान



**नैनवां,(टी.आर सैनी)।** नैनवां में स्वीकृत गौण मंडी पिछले कई वर्षों से अधूर झूल में है । नैनवां में पिछले 16 दिनों से किसान महापंचायत की ओर से किसानो के धरना प्रदर्शन एंव किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट के सार्थक प्रयास से कृषि विपणन बोडर्. व कृषि उपज मंडी के अधिकारियो ने ठण्डे बस्ते में पड़ी गौण मंडी की पत्रावलियो को खंगालने में जुटे गये है । अधिकारिक सूत्रो से प्राप्त जानकारी के अनुसार नैनवां में स्वीकृत गौण मंडी का नक्सा स्वीकृत हो चुका है। जिसमें गौण मण्डी में डोम निर्माण, ऑफिस निर्माण, जिंस बेचे जाने के लिए प्लेटफार्म, दूकाने का निर्माण सहित अन्य संसाधनो के लिए करीब अढ़ाई करोड़ का प्रोपोजल बनाया जाने की तैयारियो में है। प्रथम फेज में होगा समतलीकरण एंव जंगल सफाई का कार्य- देई कृषि उपज मण्डी सचिव फतेह सिंह ने गौण मण्डी में समतलीकरण एंव जंगल सफाई के लिए कृषि विपणन बोड कोटा को पत्र लिखा है। बोडर्.के जेईन ऋषभ ने बताया कि देई कृषि उपज मण्डी के सचिव का पत्र प्राप्त हुआ है। शीघ्र ही नैनवां गौण मण्डी में सर्वेयर की टीम भेज कर सर्वे करवाया जाने के बाद स्टीमेंट बना कर राशि स्वीकृत होने के बाद गौण मण्डी में समतलीकरण एंव जंगल सफाई का कार्य शुरू हो पायेगा।

### राजनीतिक उपेक्षा झेल रही है,गौण मंडी

वर्षो तक नैनवां क्षेत्र के किसान,व्यापारी,मजदूर गौण मण्डी की सौगात को लेकर तरसते रहे। कांग्रेस शासन में तत्कालीन राज्यमंत्री अशोक चांदना के प्रयास के बाद स्टेट हाईवे 34 बरड़ा के बालाजी के पास 50बीघा भूमि राज्य सरकार ने निःशुल्क आवंटित की गई। पट्टा मिला बजट मिला लेकिन कार्य पूर्ण नहीं हुआ। इतना ही नहीं गौण मण्डी कैसे शुरू हो इसके लिए अन्य संसाधन के लिए प्रोपोजल बनाये जाने एंव बजट के बारे में कोई रूचि अधिकारियो ने नहीं दिखाई। समय बदला राज्य में कांग्रेस सरकार के बाद भाजपा की सरकार आ गई। क्षेत्र की जनता सत्ता के साथ नहीं रही। हालात ऐसे बने कि क्षेत्र में राजनैतिक उदासीनता छा गई। इसका सीधा असर विभाग के अधिकारियो में देखा गया। कृषि मण्डी देई से जुड़े अधिकारी हो या कृषि विपणन बोडर्. से जुड़े अधिकारियो ने नैनवां में स्वीकृत गौण मण्डी के प्रति उदासीनता बरती ओर कार्य पूर्ण होने से पूर्व ही बंद हो गया। राजनैतिक उदासीनता के चलते गत वर्ष भी नैनवां शहर सहित देहात क्षेत्र के लोगो को नैनवां स्टेट हाईवे 34 पर 50बीघा भूमि पर बनाई जा रही गौण मण्डी का फायदा नहीं मिल पाया है। कृषि विपणन बोडर्. के अधिकारियो की लापरवाही से गौण मण्डी के विकास कार्य अधर में है। क्षेत्र के किसानो को अपनी जिंस मजबूरी में बिचैलियो को औने पौने दामो पर बेचना पड़ रहा है। किसान महापंचायत के पदाधिकारियो ने बताया कि किसान कौम ही हमेशा राजनैतिक की शिकार होती है। किसानो को अपनी उपज का उचित दाम मिले। किसानो के घर पर ही खुशहाली आये। कोई भी राजनैतिक दल किसानो के प्रति गंभीर नहीं है।

### इनका कहना

कृषि विपणन विभाग के आरएसएएमबी कोटा डिवीजन द्वारा गौण मण्डी के चारो ओर दिवार निर्माण सहित गेट निर्माण के लिए एक करोड़ 38 लाख 15 हजार का बजट स्वीकृत हुआ था। लेकिन संवेदक द्वारा कार्य पूर्ण नहीं करके कार्य बंद कर दिया है। विभाग द्वारा बार बार नोटिस दिया जा रहा है। शीघ्र ही कार्य शुरू नहीं किया गया तो संवेदक के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

**फतेह सिंह मीणा, देई कृषि मण्ड**

## बूंदीः भाजपा पर वोट काटने की साजिश का आरोप, कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी (नि.स.)।**जिला कांग्रेस कमेटी ने अध्यक्ष महावीर मीणा के नेतृत्व में जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कहा कि एसआईआर के माध्यम से भाजपा द्वारा बीएलओ पर दबाव बनाकर कांग्रेस समर्थित वोटरों के नाम कटवाने की साजिश की जा रही है जो बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी । जिला मुख्यालय पर इस को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। विधायक हरिमोहन शर्मा और जिलाध्यक्ष महावीर मीणा ने साफ कहा कि सत्ता का दुरुपयोग कर जनता के अधिकार छीनने की कोशिश बर्दाश्त नहीं होगी।

### मुख्य बिंदु

**धांधली का आरोप-** विधायक हरिमोहन शर्मा ने कहा कि भाजपा सत्ता का दुरुपयोग कर पूरे राजस्थान में करीब 25 लाख वोट काटने की साजिश रच रही है।

**डेटा की मांग-** अध्यक्ष मीणा ने जिले की तीनों विधानसभाओं (बूंदी, के.पाटन, हिंडोली) में भरे गए फॉर्म नंबर 6 और 7 की पूरी जानकारी मांगी है।

**प्रशासन पर सवाल-** विधायक शर्मा ने 16 जनवरी 2026 तक की अपडेट जानकारी मांगी, जिसे देने में अतिरिक्त जिला कलेक्टर असमर्थ रहे। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि वोटरों के नाम काटने में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ज्ञापन के दौरान पीसीसी सदस्य सत्येश शर्मा, शहर अध्यक्ष शैलेश सोनी, रामकरण मीणा, राम कैलाश नागर, अनीता मीणा, इश्तियाक अली, राजकुमार सैनी, बृजमोहन यादव सहित कई अधिवक्ता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष मीणा ने किया किसानों के धरने का समर्थन

### किसान धरने पर बोले,किसान विरोधी है सरकार

बढ़ता राजस्थान



**नैनवां,(टी आर सैनी)।** तहसील कार्यालय के सामने अतिवृष्टि से हुए फसल खराबे का मुआवजा, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अनियमिताएं की जांच करवाने दिलाने सहित अन्य मांगो को लेकर चल रहे किसान महापंचायत के तत्वाधान में किसानों का धरना-प्रदर्शन 16 वे दिन भी जारी रहा । धरने पर शुक्रवार को पूर्व विधान सभा उपाध्यक्ष रामनारायण मीणा ने भी धरने का समर्थन कर धरने पर बैठे गये । इस दौरान किसान नेता रामनारायण मीणा ने किसानों से जुड़ी हुई मांगों पर विस्तृत चर्चा की गई ।किसानों को आश्वासन दिया कि वह किसानों के इस आंदोलन में साथ है 7 जब भी किसान लोगउनको याद करेंगे तो वह हमेशा उनके साथ मौजूद होंगे । किसानो की मांगे जायज है - पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष रामनारायण मीणा ने बताया कि केंद्र सरकार किसान विरोधी है यह पूंजीपतियों की सरकार है ।किसानों की मांग वाजिब है किसानों की फसल अतिवृष्टि के कारण खराब हुई लेकिन पटवारियों द्वारा खसरा गिरदावरी की रिपोर्ट गलत देने के कारण किसानों को उचित मुआवजा नहीं मिल रहा है । सरकार अखबारों में विज्ञापन देकर पैसा खर्च कर रहीं हैं जबकि गरीब,किसान के हित में कार्य नहीं,केंद्र सरकार ने मनरेगा योजना समाप्त कर स्टेट गारमेंट के खाते में 40 प्रतिशत फंड डालकर रोकने का कार्य कर रही है । धरने मीणा के साथ कांग्रेस उपाध्यक्ष आबिद अली पूर्व प्रधान शोपाल मीणा,पूर्व सरपंच शांतिलाल मीणा, आदिवासी समाज पूर्व अध्यक्ष आशाराम मीणा , भरतराज मीणा, कजोड़ मल धाकड़ रामसहाय,गणेश चेतराम, प्रकाश धाकड़ सहित अन्य किसान मौजूद रहे ।

## उद्यमिता एवं कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** सेठ मुरलीधर मानसिंह का राजकीय कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को कैरियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में प्राचार्य डॉ सावन कुमार जांगिड़ की अध्यक्षता में उद्यमिता एवं कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्लेसमेंट सेल प्रभारी डॉ शोभा गौतम ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को डिजिटल व्यापार से जोडना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना था। सत्र के दौरान छात्राओं को सोशल मीडिया मार्केटिंग, ऑनलाइन विज्ञापन, कंटेंट क्रिएशन और ई-कॉमर्स जैसे विषयों को सरल भाषा में समझाया गया। कार्यक्रम में 100 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। कंप्यूटर विशेषज्ञ अनु राठौर एवं शिवानी ओझा द्वारा छात्राओं को डिजिटल मार्केटिंग की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान कृष्ण शर्मा, रीना सालोदिया, नीलम, रेखा चावला, सतीश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## लोकतंत्र की शुचिता की आवाज़,मतदाता सूची में अनियमितताओं को लेकर कांग्रेस का सख्त रुख

बढ़ता राजस्थान




**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्यावर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए उपखंड अधिकारी दिव्यांश सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बिना किसी ठोस कारण व विवरण के बड़ी संख्या में फ़ॉर्म-7 सहित फ़ॉर्म-6 एवं 8 बल्क में जमा किए जाने पर त्वरित हस्तक्षेप की मांग की गई कांग्रेस नेताओं ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राजस्थान में मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया जारी है। 12 दिसंबर 2025 को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की गई थी तथा दावे व आपत्तियाँ दर्ज कराने की अवधि 12 दिसंबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक निर्धारित रही। इलेक्ट्रोल मैन्युअल 2023 के पैरा 11.3.2 (2) के अनुसार बल्क आवेदन स्वीकार नहीं किए जा सकते। एक मतदाता केवल एक ही फ़ॉर्म प्रस्तुत कर सकता है, जबकि मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के बीएलए-2 प्रतिदिन अधिकतम 10 फ़ॉर्म ही जमा कर सकते हैं ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि नियमों के विपरीत एक राजनैतिक दल के कार्यकर्ताओं द्वारा एक ही दिन में सैकड़ों से लेकर हजारों की संख्या में फ़ॉर्म-7 व फ़ॉर्म-6 एसडीएम कार्यालय में प्रस्तुत किए गए, जो निर्वाचन आयोग के निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन है। कांग्रेस कमेटी ने मांग की कि ऐसे सभी नियम विरुद्ध जमा फ़ॉर्म-6, 7 एवं 8 पर कोई संज्ञान न लिया जाए तथा उनकी संकलित सूची नियमानुसार कांग्रेस पार्टी को उपलब्ध करवाई जाए। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई प्रारंभ करने की भी मांग की गई ज्ञापन देने वालों में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक रांका, कांग्रेस प्रत्याशी पारस पंच, प्रदेश सचिव कल्पना भटनागर, सेवादल सचिव सोहन मेवाड़ा, महिला प्रदेश सचिव सुलक्षणा शर्मा, सेवादल जिलाध्यक्ष विक्रम सोनी, ओबीसी जिलाध्यक्ष कैलाश गहलोत, एससी जिलाध्यक्ष बिरदीचंद खोरवाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे । कांग्रेस नेताओं ने आशा व्यक्त की कि प्रशासन इस गंभीर विषय पर शीघ्र संज्ञान लेते हुए निष्पक्ष व पारदर्शी कार्यवाही सुनिश्चित करेगा।

## सेवा के बाद सम्मानजनक भविष्य की ओर कदम,ब्यावर में सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए सीएमए-सीएटी पाठ्यक्रम का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान




**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर देश की रक्षा में वर्षों सेवा देने वाले सेवानिवृत्त एवं शीघ्र सेवानिवृत्त होने वाले सैनिकों के उज्ज्वल भविष्य को सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए द इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा सर्टिफिकेट इन अकाउंटिंग टेक्नीशियन पाठ्यक्रम प्रारंभ किया गया है। यह पाठ्यक्रम सैनिकों को सेवानिवृत्ति के बाद आत्मनिर्भर एवं सुरक्षित भविष्य प्रदान करने की दिशा में एक मजबूत आधार बनेगा ब्यावर चैप्टर की ओर से सूर्यमहल होटल में आयोजित कार्यक्रम में इस कोर्स का विधिवत शुभारंभ किया गया। चेयरमैन अंकुर सिंहल ने जानकारी देते हुए बताया कि ब्यावर में नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ में इस बैच की नियमित कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। कार्यक्रम में एयरफोर्स के कैप्टन प्रियांशु शर्मा, सीएमए सेंट्रल काउंसिल सदस्य एवं ष्ट्रञ्ज कोर्स कमेटी के चेयरमैन राजेंद्र सिंह भाटी तथा जॉइंट डायरेक्टर राजेश जैन की गरिमामयी उपस्थिति रही।कैप्टन प्रियांशु शर्मा ने रक्षा विभाग एवं सीएमए संस्थान के मध्य हुए एमओयू के अंतर्गत संचालित इस पाठ्यक्रम की जानकारी दी। राजेंद्र सिंह भाटी ने रिटायरमेंट के बाद फाइनेंस एवं अकाउंटिंग क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक सैनिकों के लिए इस कोर्स की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। वहीं राजेश जैन ने कोर्स पूर्ण होने के बाद उपलब्ध प्लेसमेंट योजनाओं की जानकारी दी ब्यावर सीएमए चैप्टर में अब तक 45 सैनिकों का पंजीकरण हो चुका है। चार माह की अवधि वाले इस नियमित पाठ्यक्रम के पूर्ण होने पर सैनिक बैंक, निजी संस्थानों में लेखाकार के रूप में कार्य कर सकेंगे अथवा स्वतंत्र प्रैक्टिस भी प्रारंभ कर सकते हैं। इस पाठ्यक्रम में केवल सेना से संबंधित कार्मिकों को ही प्रवेश दिया जा रहा है रुपेश कोठारी ने बताया कि यह पहल सेवानिवृत्त सैनिकों को व्यावसायिक कौशल प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मील का पत्थर साबित होगी। मंच संचालन ज्योति माहेश्वरी ने किया। इस अवसर पर ब्यावर से सीएमए फाउंडेशन कोर्स में रैंक लाने वाले विद्यार्थियों का भी सम्मान किया गया कार्यक्रम में चेयरमैन अंकुर सिंहल, सचिव शुभम सांखला, वाइस चेयरमैन कमलेश सांखला, पूर्व चेयरमैन मितेश चौपड़ा, चिन्मय माहेश्वरी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।



राष्ट्रपति का एक दिवसीय जयपुर दौरा

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 1008 कुण्डीय हनुमान महायज्ञ में हुई शामिल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु शुक्रवार को एक दिवसीय यात्रा पर जयपुर पहुंची। श्रीमती मुर्मु सीकर रोड़ स्थित नींदड़ में 1008 कुण्डीय हनुमान महायज्ञ और श्रीराम कथा में शामिल हुई। उन्होंने जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज के सानिध्य में मंत्रोच्चार के साथ विश्वकल्याण के लिए हवन में पूर्णाहुति दी। इस दौरान राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागड़े एवं मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा भी मौजूद रहे।

## सीएम योगी आदित्यनाथ बोले- पीएम मोदी ने देश में विकसित की नई स्पोर्ट्स कल्चर पहले होती थी उपेक्षा

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को पूर्वी क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालय बास्केटबॉल (महिला) प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में भाग लिया। उद्घाटन समारोह के दौरान, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल की सराहना की।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 2014 से पहले, खेल प्रतियोगिताएं सरकार के एजेंडे का हिस्सा नहीं थीं, और बुनियादी ढांचे की कमी के कारण खिलाड़ी या तो पलायन कर जाते थे या निराश हो जाते थे। हालांकि, 2014 के बाद स्थिति बदल गई है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा, 2014 से पहले, खेल और खेल प्रतियोगिताएं सरकार के एजेंडे का हिस्सा नहीं थीं। अक्सर इनकी उपेक्षा की जाती थी। अंतरराष्ट्रीय स्तर के बुनियादी ढांचे की कमी के कारण, हमारे प्रतिभाशाली खिलाड़ी या तो पलायन कर गए या निराश हो गए, लेकिन अब, 2014 के बाद, प्रधानमंत्री मोदी ने देश में जो नई खेल संस्कृति विकसित की है, वह वास्तव में सराहनीय है।

## बंगाल के मुर्शिदाबाद में प्रदर्शनकारियों ने ट्रेनें रोंकी, हाईवे जाम किया

### झारखंड में प्रवासी मजदूर की मौत पर हंगामा

बढ़ता राजस्थान

**कोलकाता ( एजेंसी )।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में एक प्रवासी मजदूर की झारखंड में मौत को लेकर हालात तनावपूर्ण हो गए हैं। आक्रोशित ग्रामीणों ने शुक्रवार को बेलडांगा रेलवे स्टेशन और राष्ट्रीय राजमार्ग 12 को जाम कर दिया, इससे उत्तर और दक्षिण बंगाल के बीच रेल और सड़क संपर्क पूरी तरह टूट गया है। प्रदर्शनकारियों ने रेलवे ट्रैक पर बैठकर घंटों विरोध किया और सड़क पर टायर जलाए। इस दौरान प्रदर्शनकारी भड़क उठे और एक महिला पत्रकार के साथ मारपीट भी की गई। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने प्रदर्शनकारियों पर पत्थरबाजी करने के आरोप लगाए हैं। मृतक की पहचान 30 साल के अलाउद्दीन शेख के रूप में हुई है। वह बेलडांगा के सुजापुर कुम्हारपुर ग्राम पंचायत का निवासी था और झारखंड में फेरी लगाता था। परिजनों के मुताबिक, झारखंड में उसके कमरे से गुरुवार को शव फंदे से लटका मिला। परिवार और स्थानीय ग्रामीणों ने इसे आत्महत्या मानने से इनकार किया है। उनका आरोप है कि अलाउद्दीन की पहले पिटाई कर हत्या की गई और बाद में सबूत मिटाने के लिए शव को फंदे से लटका दिया गया।

## प्रोबेशन में पूरा वेतन दिलाने की मुहिम तेज

### डिप्टी सीएम ने मामले के परीक्षण और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** शासन सचिवालय कर्मचारी नेता विवेक चौधरी ने प्रोबेशन काल में पूर्ण वेतन की मांग को लेकर उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी से मुलाकात की। उन्होंने फिक्स पे के कारण कर्मचारियों पर बढ़ते आर्थिक बोझ को तथ्यों के साथ रखते हुए हजारों प्रोबेशनर कर्मचारियों की समस्या को गंभीर बताया। इस पर उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने मामले के परीक्षण और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### अपेक्स विश्वविद्यालय जयपुर में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'ह्यूमेनैसेंस 2026' की शुरुआत

जयपुर के अपेक्स विश्वविद्यालय में शुक्रवार को दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ह्यूमेनैसेंस 2026 का शुभारंभ हुआ। यह सम्मेलन लर्निंग ऑर्गेनाइजेशन का निर्माण: सतत विकास हेतु प्रौद्योगिकी का उपयोग विषय पर आधारित है। पहले दिन देश और विदेश से आए शिक्षाविदों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ की गई। इसके बाद ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से शोध पत्र प्रस्तुतियां और संवाद सत्र आयोजित हुए, जिनमें शिक्षा और प्रबंधन से जुड़े समकालीन विषयों पर चर्चा की गई।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि बनस्थली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ऑफ मैनेजमेंट प्रो. (डॉ.) अनिल मेहता ने अपने संबोधन में लर्निंग ऑर्गेनाइजेशन में नवाचार की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने युवाओं को तकनीक आधारित और अंत:विषयक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। अपेक्स विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर डॉ. खेमराज चौधरी ने कहा कि बदलते वैश्विक माहौल में लर्निंग ऑर्गेनाइजेशन की भूमिका बेहद अहम हो गई है। सतत सीखने वाले संगठन नवाचार, परिवर्तन प्रबंधन और दीर्घकालिक विकास में अधिक सफल होते हैं। वहीं प्रो-वाइस चांसलर प्रो. राकेश प्रेमी ने कहा कि आज के समय में निरंतर सुधार और अनुकूलन की संस्कृति विकसित करना जरूरी है। उन्होंने मानव संसाधन प्रबंधकों को लर्निंग ऑर्गेनाइजेशन का महत्वपूर्ण आधार बताया। कार्यक्रम में रजिस्ट्रार डॉ. पंकज कुमार शर्मा ने अतिथियों का स्वागत कर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए। अंत में आयोजन सचिव डॉ. नीतू खंडेलवाल ने सभी अतिथियों, वक्ताओं और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि सम्मेलन के दूसरे दिन विशेषज्ञ व्याख्यान, पैनल चर्चा और चयनित शोध पत्रों की प्रस्तुतियां होंगी।

## बांग्लाभाषी मजदूर बीजेपी राज्यों में पीटे जा रहे : ममता

### पीटना नहीं, जिंदगी देना धर्म; सीएम ने सिलिगुड़ी में महाकाल मंदिर का शिलान्यास किया



बढ़ता राजस्थान

**कोलकाता ( एजेंसी )।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को सिलीगुड़ी में महाकाल मंदिर का शिलान्यास किया। करीब 18 एकड़ जमीन पर तैयार हो रहा यह मंदिर उज्जैन के श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के नाम से ही जाना जाएगा। कार्यक्रम में साधु-संत भी शामिल हुए। शिलान्यास के बाद ममता बनर्जी ने कहा- बंगाली भाषा बोलने वाले प्रवासी मजदूरों को भाजपा शासित राज्यों में प्रताड़ित किया जा रहा है। असम, राजस्थान, मध्य प्रदेश, दिल्ली या बिहार में उन्हें पीटा जाता है। लोगों को पीटना धर्म नहीं है। जीवन देना ही धर्म है। जीवन का अर्थ है, जब तक हम जीवित हैं, अच्छे और सद्गुणों वाले कर्म करते रहना। जैसा कि गांधीजी ने कहा था- ईश्वर अल्लाह तेरा नाम, सबको सम्मति दे भगवान।

हालांकि, इस कार्यक्रम को लेकर उत्तर बंगाल की राजनीति गरमा गई है। गुरुवार को दार्जिलिंग के सांसद और भाजपा के केंद्रीय प्रवक्ता राजू बिष्ट ने सिलीगुड़ी में पत्रकार वार्ता कर कहा कि मंदिर का निर्माण ट्रस्टी बोर्ड के माध्यम से होने की बात कही जा रही है, लेकिन पूरा आयोजन सरकारी बैनर तले हो रहा है।

### ममता के संबोधन की बड़ी बातें...

- बांग्ला भाषी मजदूरों के साथ अत्याचार भाजपा-शासित राज्यों में हो रहा है। फिर भाजपा कैसे सोचती है कि उसे बंगाल के लोगों का समर्थन मिलेगा यह एक बेशर्म पार्टी है।
- वे जानबूझकर बंगाल में दंगे कराने आए हैं। यह भाजपा की योजना है। वे अपने दम पर जीत नहीं सकते, इसलिए साजिश कर रहे हैं। वे लूटते हैं और झूठ बोलते हैं।
- अल्पसंख्यक समुदायों से अपील करते हुए कहा- मैं अपने अल्पसंख्यक भाइयों और बहनों से शांत रहने का अनुरोध करती हूं। हम हमेशा आपके साथ हैं।
- एसआईआर पर कहा- मतुआ, राजबंशी और आदिवासी समुदायों के लोगों के नाम चुन-चुनकर हटाए जा रहे हैं।
- मालदा में एक खास समुदाय के 90,000 लोगों को नोटिस भेजे गए। कई जिलों में आदिवासी नागरिकों के नाम हटा दिए गए हैं। आम लोग कहां जाएंगे?
- हर दिन व्हाट्सऐप पर निर्देश बदल रहे हैं। दबाव में बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) परेशान हो गए हैं। अब तक लगभग 100 लोगों की मौत हो चुकी है।

## वेनेजुएलाई नेता ने अपना नोबेल पुरस्कार ट्रम्प को दिया

### मचाडो के प्रेसिडेंट बनने की चर्चा थी, लेकिन ट्रम्प का समर्थन नहीं; अब बोलीं- अमेरिकी राष्ट्रपति पर भरोसा



बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन ( एजेंसी )।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने गुरुवार को व्हाइट हाउस में वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो से मुलाकात की। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अगवा करने के बाद यह उनकी किसी भी वेनेजुएलाई नेता से पहली आमने-सामने की मुलाकात थी। मुलाकात के बाद माचाडो ने कहा कि उन्होंने ट्रम्प को नोबेल शांति पुरस्कार का मेडल भेंट किया है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि आज हम वेनेजुएलावासियों के लिए एक ऐतिहासिक दिन है।' बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में मचाडो ने ट्रम्प को अपना पुरस्कार सौंपने के बारे में बताया, लेकिन उन्होंने दूसरी कोई जानकारी नहीं दी। वहीं, व्हाइट हाउस ने भी यह नहीं बताया कि ट्रम्प ने मेडल स्वीकार किया या नहीं। व्हाइट हाउस छोड़ने के बाद मचाडो ने बाहर जुटे समर्थकों से स्पेनिश में कहा, हम राष्ट्रपति ट्रम्प पर भरोसा कर सकते हैं। हालांकि, ट्रम्प ने अब तक माचाडो को वेनेजुएला की नई नेता के रूप में समर्थन नहीं दिया है। इसकी बजाय वे वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज के साथ काम कर रहे हैं।

### नोबेल संस्थान बोला- पदक के मालिक बदल सकते हैं, लेकिन उपाधि नहीं

ट्रम्प हमेशा नोबेल शांति पुरस्कार लेने की इच्छा जताते रहे हैं। जब यह मचाडो को मिला तो उन्होंने नाराजगी जताई। दूसरी ओर नोबेल कमेटी ने पहले कहा था कि नोबेल पुरस्कार की घोषणा हो जाने के बाद इसे रद्द नहीं किया जा सकता।

## फतेहपुर में एक परिवार की 5 महिलाओं की अर्थी उठी

### सड़क हादसे में हुई थी मौत, एक साथ किया गया अंतिम संस्कार

बढ़ता राजस्थान



**फतेहपुर ( सीकर )।** सीकर में बुधवार को हुए भीषण सड़क हादसे में फतेहपुर के एक ही परिवार की सात महिलाओं की मौत हो गई थी। गुरुवार को दो महिलाओं का अंतिम संस्कार कर दिया गया था। शुक्रवार को एक साथ 5 अर्थियां उठी, जिनको चिताओं को एक साथ अग्नि दी गई।

### अंतिम संस्कार में शामिल होकर वापस लौट रही थीं

यह हादसा तब हुआ जब वे एक अंतिम संस्कार में शामिल होकर लौट रही थीं। जानकारी के अनुसार, ललित सैनी की मां मोहिनी देवी की ननद का निधन हो गया था। उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए परिवार के सदस्य गए थे।

## इंदौर में राहुल गांधी की मीटिंग को नहीं मिली मंजूरी

### अब सिर्फ बॉम्बे हॉस्पिटल और भागीरथपुरा जाएंगे, दूषित पानी से अब तक 24 मौतें

बढ़ता राजस्थान



**भोपाल ( एजेंसी )।** इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी के कारण अब तक 24 लोगों की मौत के बाद हालात का जायजा लेने कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शनिवार 17 जनवरी को इंदौर आ रहे हैं। हालांकि, इस दौरान इंदौर में कांग्रेस नेताओं और नगरीय जनप्रतिनिधियों के साथ प्रस्तावित बैठक को प्रशासन से अनुमति नहीं मिल पाई है। कांग्रेस ने प्रदेशभर के पार्षदों, महापौरों, नगर पालिका और नगर परिषद अध्यक्षों व उपाध्यक्षों के साथ राहुल गांधी की बैठक के लिए अभय प्रशाल और आनंद मोहन माथुर सभागार में कार्यक्रम प्रस्तावित किया था। इसके लिए करीब एक हजार लोगों की मौजूदगी की अनुमति मांगी गई थी, लेकिन जिला प्रशासन ने बैठक को मंजूरी नहीं दी।

**कांग्रेस बोली- अनुमति नहीं मिलने से बैठक रद्द**-कांग्रेस के संगठन प्रभारी डॉ. संजय कामले ने बताया कि प्रशासन से अनुमति नहीं मिलने के कारण बैठक को रद्द करना पड़ा है। अब राहुल गांधी का इंदौर दौरा सीमित कार्यक्रम तक ही रहेगा।

**अब सिर्फ पीड़ित परिवारों से मुलाकात करेंगे राहुल**-राहुल गांधी इंदौर पहुंचने के बाद पहले बॉम्बे हॉस्पिटल जाएंगे, जहां वे दूषित पानी से बीमार हुए मरीजों और उनके परिजन से मुलाकात करेंगे।

## कांग्रेस का आरोप- भारत ने चाबहार पोर्ट से कंट्रोल छोड़ा

### ट्रम्प के दबाव में 1100 करोड़ बर्बाद किए; विदेश मंत्रालय का इनकार

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि पीएम मोदी ने ट्रम्प के दबाव पर ईरान के चाबहार पोर्ट से कंट्रोल छोड़ दिया है। पार्टी ने एक्स पर लिखा- मोदी सरकार ने चाबहार प्रोजेक्ट में देश की जनता के 120 मिलियन डॉलर (करीब 1100 करोड़ रुपए) लगाए थे। अब ये बर्बाद हो चुके हैं।

कांग्रेस के इस आरोप को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने खारिज किया। उन्होंने कहा कि ईरान के चाबहार पोर्ट से जुड़ी योजनाएं जारी हैं। इन्हें आगे बढ़ाने के लिए भारत, अमेरिका से बातचीत कर रहा है।

अमेरिका ने भारत को ईरान पर लगे प्रतिबंधों के बावजूद चाबहार पोर्ट से जुड़े काम जारी रखने के लिए एक खास सैंक्शन छूट दी है, जिसकी अवधि 26 अप्रैल 2026 को खत्म हो रही है।

**भारत को अक्टूबर में 6 महीने की छूट दी गई थी**-अमेरिकी सरकार ने पिछले साल 29 सितंबर को चाबहार पोर्ट के लिए 2018 में दी गई छूट वापस ले ली थी। यह छूट इसलिए दी गई थी ताकि ईरान पर प्रतिबंध होने के बावजूद भारत चाबहार पोर्ट पर काम कर सकें। अमेरिका ने भारत को 27 अक्टूबर 2025 तक के लिए चाबहार से व्यापार करने की छूट दी थी। इसके खत्म होने से पहले ही एक बार फिर अमेरिका ने इसे 6 महीने के लिए बढ़ा दिया। यानी अब यह छूट 26 अप्रैल 2026 तक मिलती रहेगी।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज बताया कि 28 अक्टूबर 2025 को अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने भारत को एक पत्र भेजकर इस छूट से जुड़े दिशा-निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा कि भारत अब इसी तय व्यवस्था के तहत अमेरिका से बातचीत कर रहा है, ताकि चाबहार पोर्ट से जुड़े काम बिना रुकावट आगे बढ़ते रहें।

### ईरान पर आर्थिक दबाव बढ़ाना चाहता है अमेरिका

अमेरिका ने ईरान के चाबहार पोर्ट पर प्रतिबंध इसलिए लगाए क्योंकि वह ईरान पर आर्थिक और राजनीतिक दबाव बनाना चाहता है। अमेरिका का मानना है कि ईरान बंदरगाहों, तेल व्यापार और अंतरराष्ट्रीय परियोजनाओं से मिलने वाले पैसों का इस्तेमाल अपने परमाणु कार्यक्रम, मिसाइल विकास और पश्चिम एशिया में अपने प्रभाव को बढ़ाने के लिए करता है। इसी वजह से अमेरिका ईरान की आय के सभी बड़े इनकम सोर्स सीमित करना चाहता है, ताकि उस पर अपनी नीतियां बदलने का दबाव बनाया जा सके। इसके अलावा, अमेरिका 2018 में ईरान के परमाणु समझौते से बाहर निकलने के बाद मैक्सिमम प्रेशर पॉलिसी अपना रहा है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेल: badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।